
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

वैशाख, पक्ष - शुक्ल, तिथि - तृतीया, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-10, 4 मई - 10 मई, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## सटीक

## सार्वजनिक जीवन में मर्यादा को न भूलें!

**हमें** यदा कदा देखने सुनने को मिलता है कि हम स्वतंत्र है कुछ भी करें। लेकिन ऐसा नहीं है। स्वतंत्र हैं इसका मतलब ये तो नहीं कि आपकी स्वतंत्रता दूसरे लोगों को शर्मसार करे या परेशानी में डाले। कोई व्यक्ति कहता है कि मुझे अधिकार है कि मैं गाड़ी को कितनी भी ज्यदा गति से चलाऊं कैसे भी चलाऊं, शराब पीकर चलाऊं किसी को क्या? मगर ऐसा नहीं है, क्योंकि उससे कोई निर्दोष भी तो दुर्घटना का शिकार हो सकता है। जब कोई स्वयं के पेट के लिए भोजन बनाएगा तो उसकी स्वयं की रुचि होगी, मगर जब सार्वजनिक भोजन बनेगा तो सबकी रुचि का ध्यान रखना पड़ता है। इसी प्रकार कोई महिला कहे कि हमें तो मनचाहे वस्त्र पहनने की स्वतंत्रता है, ठीक है स्वतंत्रता है, मगर आप अपने घर में कैसे भी छोटे या पूरे वस्त्र पहनें, मगर सार्वजनिक स्थानों पर तो सामाजिक नियमों को मानना ही पड़ेगा। पिछले दिनों बुर्के को लेकर देशभर में बड़ी बहस हुई थी। घूंघट और बुर्का अगर गलत है तो फिर ये कई महिलाएं और बड़ी उम्र की लड़कियां घर से बाहर बच्चों सी फटी निकर और छोटी टॉप पहनकर घूमती हैं, उसे कैसे उचित कहा जा सकता है। ऐसे फूहड़ कपड़े पहनना हमारी भारतीय संस्कृति तो नहीं है, फिर क्यों नहीं इन पर बहस होनी चाहिए। जीवन एक तमूरे की तरह है जिसके तार अगर ढीले रहेंगे तो वह बजेगा ही नहीं, और अगर ज्यादा टाइट कर दिए तो तार टूट जाएंगे जिससे तमूरा ही खराब हो जाएगा। आज हम अपनी संस्कृति को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर दौड़ रहे हैं जो गलत है। संस्कार की जरूरत स्त्री और पुरुष दोनों को ही है। ये गाड़ी के दो पहिये हैं। इनमें संस्कारों की हवा भरी होनी चाहिए। एक भी पंचर हुआ तो जीवन बाधित होगा। नग्नता यदि मॉडर्न होने की निशानी है तो सबसे मॉडर्न तो जानवर है जिसके शरीर पर संस्कृति के कपड़े ही नहीं है। एक कुत्ता कहीं भी यूरिन पास कर सकता है, मगर इंसान को तो यह अधिकार नहीं है। उसे सभ्यता से बन्द टॉयलट का उपयोग करना चाहिए। मनुष्य के जीवन में समाज का अंकुश है। जब हम समाज के अंकुश को नहीं मानेंगे तो फिर कुछ भी संस्कार और नैतिकता शेष नहीं बचेगी।




शिव दयाल मिश्रा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

shivdayalmishra@gmail.com


### 12 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू, मुख्यमंत्री ने बुलाई हाईलेवल मीटिंग




# जोधपुर में बवाल के बाद आज आधी रात तक कर्फ्यू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर/जयपुर।** जोधपुर के जालोरी गेट सर्किल पर बीती रात हुए बवाल के बाद मंगलवार (3 मई) सवेरे उपद्रव थमने की जगह और बढ़ गया। मामले की गंभीरत को देखते हुए जोधपुर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। जोधपुर के 12 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया है। ये कर्फ्यू 4 मई की आधी रात तक लागू रहेगा। पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिमी जिले में पुलिस स्टेशन प्रतापनगर, प्रतापनगर सदर, देवनगर, सूरसागर व सरदारपुरा और पूर्वी जिले के पुलिस स्टेशन उदयमंदिर, सदर बाजार, सदर कोतवाली, नागौरी गेट व खांडा फलसा क्षेत्र में कर्फ्यू लगाया। वहीं हिंसा के बाद सरकार हरकत में आई। सीएम गहलोत ने एक हाईलेवल मीटिंग बुलाई।

### गहलोत ने सभी पक्षों से की शांति की अपील



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शांति बनाए रखने की अपील की है। सीएम गहलोत ने कहा कि जोधपुर में देर रात से जो तनाव पैदा हुआ है वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मारवाड़ की परम्परा रही है कि सभी समाज के, सभी धर्मों के लोग हमेशा, हर त्यौहारों पर भी प्रेम भाईचारे से रहते आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपील करना चाहूंगा कि तमाम लोग शांति बनाए रखें और तनाव समाप्त करें।

### इंटरनेट बंद

माहौल बिगडने के अंदेशे को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में आगामी आदेशों तक इंटरनेट बंद कर दिया। इंटरनेट बंद करने के बाद हजारों मोबाइल धारकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। देर रात हुए बवाल के बाद पुलिस भी हरकत में है। उपद्रव फैलाने वाले दोनो समूहों के बहुत से उपद्रवियों को देर रात हिरासत में लिया गया है। उप्रदव के बाद सम्पत्ति का भी काफी नुकसान हुआ है। इसके आंकलन की भी तैयारी की जा रही है।

### हर गली में भारी पुलिस बंदोबस्त, अफसर खुद कर रहे पैट्रोलिंग

**सवेरे** फिर से हुए बवाल के बाद अब हालात फिलहाल पुलिस के काबू में है। जालोरी गेट सर्किल के आसपास स्थित गलियों में पुलिस अफसर खुद पैट्रोलिंग कर रहे हैं। गलियों के आसपास सादा वर्दी में भी पुलिस तैनात की गई है। जोधपुर जिले की अस्सी फीसदी पुलिस को प्रभावित इलाके में लगाने के साथ ही आसपास के जिलों से भी पुलिस बल मांगा गया है।

### श्रद्धालुओं की संख्या पर से पाबंदी हटी

## गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

**गंगोत्री धाम @ जागरूक जनता।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट मंगलवार को पूरे विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही चार धाम यात्रा शुरू हो गई। इस मौके पर गंगोत्री धाम में CM पुष्कर सिंह धामी भी पहुंचे और पूजा में शामिल हुए। कपाट खुलने के बाद CM धामी ने सबसे पहले PM नरेंद्र मोदी के नाम की पूजा की। इस मौके पर धामी ने कहा कि यात्रा को लेकर कोई संख्या निर्धारित नहीं की गई है। अगर यात्री अधिक संख्या में आते हैं तो उसके बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। पिछले दिनों शासन की ओर से यात्रियों की संख्या निर्धारण के आदेश जारी किए गए थे। इससे पहले, तमाम तैयारियों के बीच मां गंगा के शीतकालीन प्रवास भैरो घाटी स्थित मुखबा गांव से मंगलवार सुबह 8.20 बजे मां गंगा की उत्सव डोली विधि विधान के साथ गंगोत्री धाम पहुंची। इस दौरान हर-हर गंगे, जय मां गंगे के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

**जयपुर @ जागरूक जनता।** 3 मई को सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिवस पूरे प्रदेश में उत्साह से मनाया। हालांकि जोधपुर घटना के चलते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री निवास पर गहलोत को तिलक लगाकर परिजनों ने शुभकामनाएं दी।

### यह मस्तक हमेशा उदयीमान रहे...



जागरूक जनता परिवार की ओर से आपको जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके स्वस्थ जीवन की कामना करता है।

## भारत भी हर दुस्साहस का देता है मुंहतोड़ जवाब-शाह

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षो में भारत ने इतनी ताकत हासिल कर ली है कि वह उसकी सीमा और सेना के साथ दुस्साहस करने वालों को अमेरिका तथा इजरायल की तरह मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत रखता है। एक दिन के कर्नाटक दौरे पर सुबह बेंगलुरु पहुंचे शाह ने बसव जयंती पर बसवअन्ना को श्रद्धासुमन अर्पित किए। बाद में उन्होंने नृपतुंगा यूनिवर्सिटी के उद्घाटन सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय सुरक्षा का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले आयेदिन पाकिस्तान से प्रेरित आतंकवादी देश में हमला करते थे और



केंद्र सरकार की ओर से केवल बयानबाजी की जाती थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी के आने के बाद उरी और पुलवामा में हमला हुआ तो 10 दिन के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ा है और आज पूरी दुनिया जानती है कि भारत की सीमाओं के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता क्योंकि इसका माकूल जवाब दिया जाएगा।







## जागरूक खबरें

### सैन जयंती पर निकाली कलश यात्रा



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सैन जयंती के पावन पर्व पर बीते दिनों विद्याधर नगर जेपी कॉलोनी स्थित लीलाधारी हनुमान मंदिर से सैन बधुओं द्वारा कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान सैंकड़ों महिलाएं सिर पर कलाश रखकर चल रही थी। कलश यात्रा का आरंभ वार्ड 24 पार्षद रूप कंवर व समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। यात्रा का समाज बंधुओं द्वारा अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कलश यात्रा का समापन सैन मंदिर पापड़ वाले हनुमान जी के पास महाआरती के साथ किया गया। यात्रा में पूरण मल सैन, प्रभु नारायण सैन, मनोज, दिनेश, संजय, विष्णु, गोपाल, अशोक, राजकुमार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। यात्रा में पीसीसी कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, वार्ड 22 पार्षद प्रदीप तिवाड़ी और कई विशिष्ठ अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### भगवान परशुराम जयंती के तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत यज्ञ में लोगों ने दी आहुतियां



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न ब्राह्मण संगठनों की ओर से विविध धार्मिक आयोजन हुए। मुरलीपुरा स्कीम रामेश्वरधाम स्थित श्री गौड़ विप्र समाज भवन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन भगवान परशुराम महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के प्रभारी महेन्द्र कुमार और भगवान सहाय ने संगीतमय यज्ञ करवाया। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने गायत्री, महामृत्युंजय एवं परशुराम गायत्री मंत्र के साथ आहुति दीं। गौड़ विप्र समाज जयपुर के अध्यक्ष सुधीर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं नगेंद्र वशिष्ठ सहित अनेक लोगों ने वेदमाता गायत्री, भगवान परशुराम और गुरूसत्ता का पूजन किया। यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं ने यज्ञ महिमा का गायन करते हुए यज्ञशाला की परिक्रमा की । शांति पाठ और जयघोष के साथ तीन दिवसीय भगवान परशुराम जयंती का समापन हुआ।

### भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम परिसर में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई तथा लड्डुओं का भोग लगाया गया। उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण किया गया तथा वे जीवन में हमेशा प्रेरणा दाई रहेंगे। इस अवसर पर एस के शर्मा , रवि शंकर शर्मा, हीरालाल शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, विकास सुरोलिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### चार दिवसीय कला शिविर आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** पद्मश्री रामगोपाल विजयवर्गीय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा जयपुर म्यूजियम ऑफ इंडीयन आर्ट, आमेर रोड जलमहल जयपुर परिसर में हर वर्ष की तरह चार दिवसीय कला शिविर का आयोजन पद्मश्री रामगोपाल विजयवर्गीय की स्मृति में 4 मई तक किया जा रहा है। विजयवर्गीय के प्रपोत्री प्रियंवदा व हना प्रपोत्र अनंत व वेदान्त तथा शिविर में भाग ले रहे सभी कलाकारों ने दीप प्रज्वलित कर कला शिविर का शुभारंभ किया। कला शिविर में पुरुस्कृत पैंटिंग्स को जापान प्रदर्शनी के लिये भेजी जायेंगी तथा शिविर का समापन 4 मई को होगा जिसमें साहित्य चर्चा का आयोजन भी होगा जिसमें कला मर्मज्ञ पद्मश्री शाकिर अली, सर्वश्री समंदर सिंह खंगारोत, श्वेत ग़ोयल, तथा साहित्य क्षेत्र से सर्वश्री विनोद भारद्वाज, दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, फारूक आफ़रदी,हरिराम मीणा, लोकेश साहिल तथा नीलिमा टिक्कू भाग लेंगी तथा मंच संचालन जानी-मानी लेखिका कवयित्री रेनू शब्दमुखर करेंगी।

# पूर्व मंत्री के पीए पर हथौड़े से हमला, डकैती

## 5 नौकर-नौकरानियों ने परिजनों को बंधक बनाया, नकदी-जेवरात, मोबाइल, कार लेकर भागे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर के करणी विहार स्थित द्रोणपुरी कॉलोनी में 5 नौकरों ने अपने ही मालिक का घर लूट लिया। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एमादुद्दीन अहमद खान उर्फ दुर्रु मियां के पीए और घर के अन्य सदस्यों पर दो नौकर और तीन नौकरानियों ने हथौड़े से हमला किया। इसके बाद घर में रखी नगदी, जेवरात लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल परिजनों को अस्पताल पहुंचा। आरोपी घर से मालिक की कार लेकर भागे। बाद में फिर उसे एक्सप्रेस हाईवे पर खड़ी कर के फरार हो गए। पुलिस ने कार को बरामद कर ली है।

देररात नौकरों ने एक राय होकर पूर्व मंत्री के पीए रह चुके मकान मालिक मैथिलीशरण को बंधक बनाया। उसके बाद उनकी पत्नी, बच्चों को बंधक बनाया। आरोपियों ने मैथिलीशरण के काम पर हथोड़े से वार किया। मैथिलीशरण की पत्नी के साथ भी आरोपियों ने गम्भीर मारपीट की। इसके बाद उन्हें घायल अवस्था में छोड़ कर लॉकर तोड़ना शुरू किया। कुछ घंटों में बदमाशों ने मिल कर घर के सभी लॉकर और आलमारी खोल दी। ये बदमाश नौकर घर से लाखों रुपए की नगदी, जेवरात लेकर फरार हो गए।



पांचों नौकर नेपाल के बताए जा रहे हैं। रात को 8 बजे से लेकर 11 बजे के बीच पूरी वारदात को अंजाम दिया गया। घटना का पता तब चला जब मैथिलीशरण के बेटे मोहित ने संघर्ष कर किसी तरह से खुद के हाथ पैर खोले और पुलिस को सूचना दी। मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है। टीम ने पूरे इलाके की गहराई से छानबीन की है, लेकिन कोई सबूत नहीं मिला। घर में सीसीटीवी नहीं लगा था। लुटेरे नौकर कितनी नकदी, जेवरात व अन्य सामान लूटे हैं, पुलिस इसका आंकलन कर रही है।

### बदमाश 6 मोबाइल लेकर हुए फरार

**नौकरों** ने लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद घर के मालिकों के 6 मोबाइल लेकर फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस को कंट्रोल रूम से पता चला कि डकैत एक्सप्रेस हाइवे पर मैथलीशरण की क्रेटा कार लावारिस छोड़कर फरार हो गए हैं। कार से पुलिस को कई मोबाइलों की सिम भी मिली हैं। बहरहाल सभी मोबाइलों को ट्रैकिंग पर डाला गया है। अगर मोबाइल चालू हो जाते हैं तो बदमाशों की लोकेशन भी पुलिस को मिल जाएगी।

### नौकरों का नहीं था पुलिस वैरिफिकेशन

**डीसीपी** वेस्ट रिचा तोमर ने बताया कि घटना में दो नेपाली नौकरों का पूरा हाथ है। इनमें से एक नौकर 1 साल पहले रखा गया था। दूसरा नौकर 1 माह पहले रखा था। दोनों ही नौकरों का पुलिस वैरिफिकेशन नहीं कराया गया। ये दोनों नौकर ही घर में काम करते थे। बाकी 3 महिलाएं बाहर से आई थीं।

### नेपाल बॉर्डर पर भी किया गया अलर्ट

**घटना** की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल लांबा ने नेपाल बॉर्डर पर भी अलर्ट कर दिया है। पुलिस को शक है कि बदमाश वारदात करने के बाद नेपाल में जा छुपेंगे। इसलिए बॉर्डर पर चेकिंग के लिए निर्देश दे दिए गए हैं।

### दुरु मियां के पीए थे शर्मा

**मैथिशरण** शर्मा कांग्रेस सरकार में पूर्व चिकित्सा मंत्री दुरु मियां के पीए रह चुके हैं। कर्णी विहार थाना इलाके में उनका प्रॉपर्टी का बड़ा व्यवसाय भी है। उनका बेटा मोहित भी प्रॉपर्टी का ही काम करता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक्सप्रेस हाईवे और टोल नाकों पर पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया है। डकैती की वारदात में पुलिस की एक दर्जन टीमें बनाई गई हैं। यह टीमें लोकल लेवल पर इन्वेस्टिगेशन करने के साथ-साथ साइबर एक्सपर्ट की मदद लेते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई हैं।

**'जननायक खेल उत्सव' की शुरूआत**

# प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों की तकदीर बदल रही है- चांदना




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि मुख्यमंत्री के खेल हित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों से प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों की तकदीर बदल रही है। राजस्थान के खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। चांदना मंगलवार को यहां एसएमएस स्टेडियम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्म दिन के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय 'जननायक खेल उत्सव' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के साथ प्रोत्साहित कर प्रदेश को खेलों में आगे बढ़ाने की है। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण, 'आउट ऑफ टर्न' नियुक्तियां, पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी और नई अकादमियां खोलने के साथ ग्रामीण ओलंपिक खेल जैसी अनूठी पहल की है। इससे राज्य में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बन रहा है और 'स्वस्थ समाज' के निर्माण के साथ प्रतिस्पर्द्धा बढ़ने से बेहतर खिलाड़ी मिलने लगे हैं। खिलाड़ियों को अपना भविष्य सुरक्षित महसूस हो रहा है जिससे वह खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर शानदार परिणाम दे रहे हैं।

अशोक चांदना ने मुख्यमंत्री का जन्म दिन खेल उत्सव के रूप में मनाने पर आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे समाज में खेलों को लेकर सकारात्मक संदेश प्रसारित होगा और खिलाड़ियों में आगे बढ़ने के लिए एक नई प्रेरणा का संचार होगा। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए सरकार की खेल योजनाओं का अधिकाधिक फायदा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया है। खेल उत्सव के आयोजक एवं राज्य खेल परिषद् के उपाध्यक्ष सतवीर चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी।

**श्रीपापड़ के हनुमानजी मंदिर: कनक बिहारी श्रीराम जानकी मंदिर का दशम पाटोत्सव**

# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net







**जयपुर।** श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर का पाटोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नौ दिन तक श्रीराम कथा भक्तजनों को सुनाई जाएगी। श्री पापड़ वाले हनुमानजी संत विकास समिति के मंत्री राजारामदास पुजारी (राजू बाबा) ने बताया कि आज श्रीराम कथा में मनु शतरूपा एवं शिव विवाह के प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाए। पाटोत्सव में आज रेवासा धाम के महामंडलेश्वर महाराज राघवाचार्य ने भी श्रद्धालुओं को भक्ति प्रवचन दिए। इससे पूर्व कार्यक्रम के पहले दिन महर्षि गौतम मार्ग स्थित शिव हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में रंगबिरंगी साड़ियों में सजीधजी महिलाएं शामिल हुई। मंदिर के महंत संत श्रीरामसेवक दास जी पंडित चंद्रमणि मिश्र के साथ रथ पर विराजमान होकर चल रहे थे। प्रवक्ता सामोता ने बताया कि मंदिर श्रीकनक बिहारी श्रीराम जानकीजी मंदिर के दशम पाटोत्सव के शुभ अवसर पर एक मई रविवार से प्रारम्भ हुई श्रीराम कथा 9 मई सोमवार तक होगी। कथा मध्यान्ह सवा बारह बजे से सायं पांच बजे तक अयोध्या वाले आचार्य पं. चन्द्रमणि मिश्र के मुखारबिन्द से सुनाई जा रही है। मंदिर प्रांगण में पिछले 36 वर्षो से अखंड रामचरित मानस का पाठ चल रहा है जो अब 37वें वर्ष में प्रवेश करेगा। महोत्सव में 7 मई शनिवार वैशाख शुक्ल 6 को महाभिषेक, श्रृंगार, रामचरित मानस की नई प्रति की पूजा अर्चना, आरती एवं छप्पन भोग की झांकी सजेगी।

# अमरीका के पूर्व राजदूत ने बाबा मेहरदास मंदिर में किए दर्शन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अमरीका के पूर्व राजदूत मिस्टर कैनेथ जस्टर ने सपत्नीक मुरलीपुरा स्कीम स्थित बाबा मेहरदास मन्दिर में दर्शन किए और पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी ने उनका पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और भारत विकास परिषद मीडिया प्रकल्प प्मुख नगेन्द्र वशिष्ठ ने दुपट्टा व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में मन्दिर कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहे। इनमें शशि हरिरामानी, छबलदास नवलानी, नारायणदास रामचंदानी, परमानन्द, ओम शर्मा, भूमि कृपलानी, कन्हैयालाल, रमेश, मुरली, रुचिका, कविता सहित अनेक महिला एवं पुरुष उपस्थित थे, जिन्होंने पुष्प वर्षा कर आगंतुक अतिथि दम्पति का स्वागत किया।




**25 फीसदी बिक्री बढ़ी, ज्वैलरी-गारमेंट-बर्तनों की दुकानों पर रौनक**

# राजस्थान में आखातीज पर 15000 शादियां, बाजारों में बम्पर शॉपिंग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में आखा तीज (अक्षय तृतीया) के अबूझ मुहूर्त पर बाजारों में 25 फीसदी तक बिक्री में बढ़ोतरी देखने को मिली है। खास तौर पर ज्वैलरी, गारमेंट, वियरिंग एसेसरीज, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर की दुकानों पर रौनक है। प्रदेश में करीब 15 हजार शादियां हो रही हैं। अकेले जयपुर जिले में ही एक दिन में 2500 से 3000 शादियां होने का अनुमान है। कोविड के 2 साल बाद बड़े स्तर पर शॉपिंग हो रही है। प्रसिद्ध जौहरी बाजार में आखातीज पर ज्वैलरी की दुकानों पर खासी रौनक नजर आ रही है। पिछले कई दिनों से सोना महंगा होने के कारण बाजार सूना पड़ा था। लेकिन आखातीज और बड़े लेवल पर शादियों के कारण मार्केट में अच्छी खरीदारी हो रही है। अलग-अलग ज्वैलर्स के यहां 12 से 25 फीसदी तक ग्राहकी बढ़ी है।

### 1 ही दिन में 12 फीसदी खरीद बढ़ी

जौहरी बाजार में नन्दकिशोर मेघराज ज्वैलर्स के ऑनर मनोहर मेघराज ने बताया कि हमारे यहां 12 फीसदी तक ज्यादा खरीदारी 1 ही दिन में देखने को मिली है। 22 कैरेट जेवराती सोने के भाव करीब 500 रुपए गिरकर आज 50 हजार 100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गए हैं। जबकि 24 कैरेट सोने के भाव 52400 रुपए है। रशिया-यूक्रेन वॉर खत्म होने के बाद जेवराती सोने के भाव 48 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक आने की सम्भावना है।

### सीजन में 25 फीसदी तक सोने-चांदी की खरीदारी में बढ़ोतरी

जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश मित्तल ने बताया सावों के सीजन में सोने की कीमतों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। आखातीज पर पारम्परिक रूप से हजारों की संख्या में एक ही दिन में शादियां हो रही हैं। खरीदारी के लिए कई शुभ योग भी बने हैं। इससे सोने और चांदी की खरीदारी में इन दिनों 25 फीसदी तक बढ़ोतरी देखने को मिली है। पुरोहित जी का कटला में लहंगा, बेस और दुल्हन की ड्रेसेज के कारोबारी नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि आखा तीज पर सबसे बड़ा सावा है। दो दिन में 22000 शादियां तय हैं। सावे की वजह से चहल पहल है। दुल्हन के बेस इसी सावे में ज्यादा बिकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा ग्राहक आ रहे हैं।

## जोधपुर हिंसा पर मुख्यमंत्री की हाई लेवल मीटिंग

### बर्थडे के सभी कार्यक्रम रद्द कर सीएमओ पहुंचे गहलोत, बोले-

# सख्ती से निपटेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जोधपुर में दो समुदायों के बीच हुए तनाव और हिंसा के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीएमओ में आपात बैठक बुलाई है। गहलोत जन्मदिन के सभी कार्यक्रम बीच में छोड़ सीएमओ पहुंच गए है। गहलोत ने डीजीपी, पुलिस और गृह विभाग के बड़े अफसरों की हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। गहलोत जोधपुर में लॉ एंड ऑर्डर का रिव्यू कर रहे हैं। गहलोत ने असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने को कहा है। सीएम ने सुबह ही अफसरों से जोधपुर के हालात का फीडबैक लिया है। गहलोत लगातार पूरी स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिला प्रशासन को निर्देश दे रहे हैं। गहलोत ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की है।

### गहलोत ने लोगों से सीएम निवास नहीं आने की अपील की

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर आज सुबह से ही सीएम निवास पर मिलने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे थे। जोधपुर हिंसा के बाद गहलोत ने फिलहाल सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे उन्हें शुभकामना के मैसेज भेज दें, सीएम निवास पर शुभकामना देने के लिए नहीं पहुंचें।

### किसी भी हालत में माहौल नहीं बिगड़ने देने के निर्देश

सीएम अशोक गहलोत ने जोधपुर जिला प्रशासन और पुलिस अफसरों से पूरे मामले का फीडबैक लिया है। सीएम ने उपद्रवियों को सख्ती से निपटने और किसी भी हालत में माहौल बिगड़ने नहीं देने की हिदायत दी है। संवेदनशील इलाकों पर पुलिस फोर्स बढ़ा दी गई है। जरूरत पड़ने पर बाहर से पुलिस फोर्स भेजी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जोधपुर में कल देर रात से जो तनाव पैदा हुआ है वो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे राजस्थान की, मारवाड़ की परंपरा रही है कि सभी समाज के, सभी धर्मों के लोग हमेशा, हर त्योहारों पर भी प्रेम भाईचारे से रहते आए हैं, मैं अपील करना चाहूंगा कि तमाम लोग शांति बनाए रखें और तनाव समाप्त करें।

**प्रदेश में कानून व्यवस्था चुनौति-भाजपा**

### करौली से लेकर जोधपुर तक हिंसक घटनाएं सरकार के संरक्षण में हो रही-डॉ. पूनियां

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जोधपुर हिंसा मामले पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बयान जारी कर कहा कि, राजस्थान में कानून व्यवस्था बड़ी चुनौती बनी हुई है, शांतिप्रिय प्रदेश राजस्थान जिसकी मिसाल दी जाती थी। आज कांग्रेस पार्टी की अशोक गहलोत सरकार की सरपरस्ती में उनके नेतृत्व में जिस तरीके से तुष्टीकरण की राजनीति के बाद प्रदेश में अशांति और कानून व्यवस्था भंग हुई है, वो प्रदेश के लिए चुनौतीपूर्ण भी और चिंताजनक भी है। जोधपुर में भगवान परशुराम जी की जयंती व ईद की पूर्व संध्या पर जोधपुर में स्वतंत्रता सेनानी मालमुकन्द बिस्सा जी की प्रतिमा पर भगवा ध्वज उतारकर वहां जिस तरीके से इस्लामिक ध्वज लगाया गया, वहां तोड़फोड की गई, हिंसा की गई, वही नहीं फिरसे गाडियों में तोडफोड की गई, यह बानगी है कानून व्यवस्था की, करौली से यह साबित हो जाता है कि ऐसी हिंसक घटनाएं कांग्रेस सरकार के संरक्षण में हो रही हैं। इस तरह की घटनाएं कांग्रेस सरकार में ही क्यों होती हैं? इसका मतलब अराजक तत्वों को संरक्षण मिलता है और यह संरक्षण इसलिए मिलता है कि एक तरफ पीएफआई को कोटा में रैली की परमिशन देते हैं, दूसरी तरफ रामनवमी और हिंदू नववर्ष के जुलूसों पर प्रतिबंध लगाते हैं, 17 जिलों में धारा 144 लगती है। कांग्रेस पार्टी के इस तुष्टीकरण के कारण अराजक तत्वों ने एक तरीके से प्रदेश को गिरफ्त में ले लिया है, यह चिंताजनक बात है। एक के बाद एक घटनाएं बहुसंख्यकों के मानव अधिकारों पर चोट हैं, मुझे लगता है कि तुष्टीकरण कांग्रेस के डूबने का बडा कारण बनेंगे।

### होटल, गेस्ट हाउस संचालकों को नहीं देना होगा यूडीटैक्स

**सरकार ने 500 वर्गगज जमीन पर संचालित पर्यटन ईकाईयों को औद्योगिक मानते हुए दी छूट**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में अब पर्यटन को उद्योग का दर्जा देते हुए इसे नगरीय विकास कर (यूडीटैक्स) में छूट देने का निर्णय किया है। नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने स्वायत्त शासन विभाग से मिले एक प्रस्ताव को आज मंजूरी देते हुए 500 वर्गगज तक की जमीन पर संचालित पर्यटन ईकाईयों को यूडीटैक्स के दायरे से बाहर कर दिया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस साल पेश किए बजट में घोषणा की थी कि कई सालों से पर्यटन क्षेत्र उद्योग का दर्जा देने की मांग कर रहे है, लेकिन वास्तविक रूप से उद्योग का दर्जा नहीं मिल पाया। अब इस क्षेत्र को बूस्टअप देने के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में पूर्ण मान्यता देते हुए भविष्य में इस क्षेत्र पर औद्योगिक ईकाइयों के अनुसार ही राजकीय शुल्क व कर देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री के इसी घोषणा के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने पिछले दिनों एक प्रस्ताव तैयार करके नगरीय विकास मंत्री को भिजवाया था। इस प्रस्ताव में 500 वर्गगज क्षेत्रफल की पर्यटन ईकाईयों को नगरीय विकास कर से छूट प्रदान करने का उल्लेख था, जिसे मंत्री ने आज मंजूरी दे दी। कोरोना के दौरान प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र पर काफी विपरित प्रभाव पड़ा था।

## बाघों के संरक्षण को लेकर बैठक

# बाघ संरक्षण को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध- मुख्यमंत्री



### रणथम्भौर की तर्ज पर सरिस्का का बने मास्टर प्लान

### पर्यटन विकास के लिए ढांचागत सुविधाएं होंगी मजबूत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार बाघों के संरक्षण को लेकर गंभीर है और सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। सरकार द्वारा 'प्रोजेक्ट टाईगर' एवं 'ईको-टूरिज्म' नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण रणथम्भौर में दुनियाभर से पर्यटकों का आगमन हो रहा है। उन्होंने इसी तर्ज पर सरिस्का बाघ परियोजना के लिए भी मास्टर प्लान तैयार करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर रणथम्भौर, सरिस्का एवं मुकुन्दरा बाघ परियोजना के प्रबंधन एवं बाघों के संरक्षण के संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि सरिस्का में 2014 के मुकाबले बाघों की संख्या में ढाई गुना वृद्धि हुई है, जिसके चलते यहां वन्यजीव प्रेमियों एवं पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने मुकुंदरा में हो रहे बाघ संरक्षण के कार्यों का फीडबैक लेते हुए वहां चल रहे ग्राम विस्थापन, प्रे बेस सुधार, हेबिटेट सुधार को गति देने व विकास कार्यों में आ रही विभिन्न बाधाओं का शीघ्र निवारण करने के निर्देश दिए। रणथम्भौर में क्षमता से अधिक बाघ होने के कारण उनका पलायन धौलपुर व करौली की तरफ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने इन बाघों एवं उनके शावकों की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। गहलोत ने कहा कि आज देश बाघ संरक्षण में अग्रणी है। यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 और प्रोजेक्ट टाईगर के क्रियान्वयन में पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के अथक प्रयासों से ही सम्भव हो सका है। उन्होंने प्रोजेक्ट टाईगर के प्रथम निदेशक कैलाश सांखला के योगदान की सराहना की। साथ ही बाघों की पहचान के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए राज्य वन्यजीव मण्डल के सदस्य वीरेन्द्र गोधा के कार्यों की भी सराहना की।

### स्वैच्छिक विस्थापन को दें प्रोत्साहन

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि परियोजना के मध्य आ रहे गांवों के स्वैच्छिक विस्थापन को गति प्रदान करने के लिए विकल्प के रूप में कृषि भूमि के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी रिहायशी भूमि आवंटित करने की व्यवस्था की गई है। ग्राम वासियों से अधिक से अधिक सम्पर्क कर उन्हें इस योजना के बारे में अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने रणथम्भौर, सरिस्का एवं मुकुन्दरा बाघ परियोजना में सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढीकरण, संवेदनशील क्षेत्रों में कच्चे रास्ते, पेट्रोलिंग ट्रैक की संख्या बढ़ाने एवं चौकियों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी लगाने के भी निर्देश दिए।

### बाघ हमले के पीड़ितों के मुआवजे में हो वृद्धि

गहलोत ने अधिकारियों को बाघ हमले में मौत तथा घायल होने पर दिये जाने वाले मुआवजे में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमले में मरने वाले के परिवार को आर्थिक सम्बल देना राज्य सरकार का दायित्व है। साथ ही ऐसे हमलों में होने वाली मवेशियों की मौतों पर मिलने वाले मुआवजे में भी बढ़ोतरी की जाए क्योंकि बाघ परियोजनाओं की सीमाओं से लगे हुए गांवों में अधिकतर लघु किसान रहते हैं और पशुपालन ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है।

### परियोजना की सीमाएं हों 'साइलेन्ट जोन'

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाघ परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि वन्य जीवों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए परियोजना की सीमाएं साइलेन्ट जोन घोषित करने तथा संबंधित कलक्टरों को इस बाबत एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए।

## जागरूक खबरें

### वैदिक मंत्रोचार के साथ मनाया परशुराम जन्मोत्सव



**आंधी (जयपुर)।** परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर पंचायत समिति आंधी में स्थित परशुराम भवन में गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा हर्ष उल्लास और वैदिक मंत्रोचार के साथ परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें जगदीश तिवारी अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत भिंडा उपाध्यक्ष, गौरव कुमार मिश्रा सचिव, प्रमोद भिंडा प्रवक्ता, मोहन मिश्रा महासचिव, दीपक तिवारी, शंकर भिंडा, विनय तिवाड़ी, कार्तिक तिवारी, मनीष तिवाडी, मनीष भिंडा, रघुनंदन भिंडा विकास मिश्रा एवं अन्य विप्र समाज के सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष तिवाड़ी ने बताया कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार है तथा इन्होंने ही भगवान राम को दिव्य अस्त्र एवम भगवान कृष्ण को सुदर्शन चक्र प्रदान किया था। विप्र समाज उपाध्यक्ष ने समस्त विप्र बंधुओ से परशुराम जयंती के दिन प्रत्येक घर में 5 दीपक जलाकर भगवान परशुराम से प्रार्थना करने हेतु निवेदन किया।

### शिवसेना राजस्थान की बैठक में हुए कई निर्णय



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शिवसेना राजस्थान के प्रदेश कार्यालय में आज दएक बैठक आयोजित की गई, जिसमे रक्तदान शिविर आयोजित करना एवम प्रदेश के सभी जिलों में अध्यक्ष मनोनित किए जाने को लेकर दिशानिर्देश जारी किए। शिवसेना राजस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि इस मौके पर शिवसेना राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार जांगिड़ प्रदेश सचिव राजेन्द्र सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा एवं जिला कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे।

## अगले सत्र से शुरू होगी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई

# देश को बारां देगा 100 डॉक्टर

**भवन निर्माण की तैयारी**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बारां।** बारां भी अब देश को 100 डॉक्टर देगा, यहां बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण को लेकर सोमवार को टेंडर खुलने थे, लेकिन उच्च स्तर से ही इसकी तारीख बढ़ाकर 10 मई कर दी गई है। टेंडर फाइनल होते ही मेलखेड़ी में आवंटित जमीन पर निर्माण शुरू होगा। हाल ही में मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यकारी एजेंसी बदलकर आरएसआरडीसी कर दी है। आरएसआरडीसी ने नए सिरे से टेंडर लगाए हैं। यह टेंडर 2 मई सोमवार को खुलने थे। लेकिन मुख्यालय की ओर से इसे बढ़ाकर 10 मई कर दिया है।

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर कार्यादेश जारी होने के करीब 15 से 20 दिन में निर्माण शुरु करने की बात विभागीय अधिकारी कह रहे हैं।जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। मेडिकल कॉलेज निर्माण पर कुल 325 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। पहले चरण में मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए कुल 148 करोड़ रुपए खर्च होंगे। करीब तीन महीने पूर्व टेंडर प्रक्रिया आदि पूरी हो चुकी थी। फिर कार्यकारी एजेंसी आरएसआरडीसी को बनाया दिया गया। आरएसआरडीसी परियोजना निदेशक मनोज माथुर ने बताया है कि मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। पहले चरण के तहत 94 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। यह टेंडर 2 मई को खुलने थे, लेकिन मुख्यालय की ओर से इसे 10 मई तक बढ़ाया गया है।

ओपन एयर थियेटर, इंडोर स्पोर्ट ब्लॉक बनेगा सूत्रों के अनुसार पहले चरण में मेडिकल कॉलेज में एकेडमिक ब्लॉक, गर्ल्स- बॉयज हॉस्टल, प्रिंसिपल रेजिडेंस, टीचिंग स्टाफ क्वार्टर, नॉन टीचिंग स्टाफ क्वार्टर, क्लास फोर हाउसिंग, इंडोर स्पोर्ट ब्लॉक, ओपन एयर थियेटर, एनिमल हाउसहोल्ड रूम, एसटीपी प्लांट बनाए जाएंगे। साथ ही मेडिकल कॉलेज को लेकर जिला अस्पताल परिसर में भी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में एडमिशन शुरू

# कक्षा 1 से 8वीं के लिए 10 मई तक कर सकेंगे आवेदन, 14 मई को निकलेगी लॉटरी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान की पहचान बन चुके महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके लिए प्रदेश के 563 स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों का एडमिशन दिया जाएगा। अपने बच्चो के एडमिशन के लिए पैरंट्स 10 मई तक जिला स्तर पर आवेदन कर सकते है। वहीं 14 मई को लॉटरी के माधयम से बच्चों का सिलेक्शन किया जाएगा। इसके बाद 15 मई को लॉटरी के तहत स्कूलों में सिलेक्ट होने वाले बच्चों के लिस्ट जारी की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में जो स्कूल पहले से चल रहे है। उनमें कक्षा एक से आठवीं तक स्कूलों में खाली हुई सीटों पर ही एडमिशन होगा।

### ये रहेगा शेड्यूल

- » 10 मई तक अभिभावक इन स्कूलों में अपने बच्चों के एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।
- » 14 मई को शिक्षा विभाग की ओर से प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन प्रायोरिटी लॉटरी निकाली जाएगी।
- » प्रायोरिटी लॉटरी निकलने के बाद 15 मई को सिलेकट होने वाले बच्चों की लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद एडमिशन के साथ ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के साथ ही बच्चों को एडमिशन दिया जाएगा।

### आवेदन फॉर्म डाउनलोड करने के लिए क्लिक करें

बता दें कि प्रदेशभर में ब्लॉक स्तर पर चल रहे महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में कक्षा एक में सभी प्रवेश नए होंगे। जबकि कक्षा दो से आठवीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश मिलेगा। इस साल प्रदेशभर में 563 महात्मा गाँधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में से 348 नए हैं। जिन्हें पिछले साल ही हिंदी से इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट किया गया है। ऐसे में इन स्कूलों में भी शिक्षा सत्र 2022-23 से हिंदी की जगह इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई शुरु कर दी जाएगी।

### टीचर्स 8 मई तक कर सकेंगे आवेदन

राज्य सरकार ने प्रदेश के 179 हिंदी मीडियम स्कूलों को इसी सत्र में इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट किया है। ऐसे में प्रदेश के 563 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में बच्चों के एडमिशन के साथ-साथ टीचर्स की पोस्टिंग को लेकर भी शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। हिंदी से कन्वर्ट हुए इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रिक्त पदों पर टीचर्स की पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इसके लिए टीचर्स शाला दर्पण पोर्टल के जरिए 8 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन इंटरव्यू के माध्यम से ही टीचर्स को सिलेकट किया जाएगा। इसके लिए अंग्रेजी के जानकार टीचर्स ही इंटरव्यू के लिए पात्र होंगे।






**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# कटौती की आहट

राजदेश में जहां तापमान बढ़ने से चिंता बढ़ी है, वहीं बिजली की खपत भी रिकॉर्ड स्तर पर है। अभी तक जो स्थिति है, उसे बहुत चिंताजनक तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन सावधान रहने की जरूरत है। राज्य सरकारों को संयम रखना चाहिए, लेकिन संकट की आशंका से कुछ राज्य सरकारें ज्यादा चिंतित हैं। एक सवाल यह पैदा हो गया है कि क्या देश में कोयले का अभाव होने लगा है? सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) की डेली कोल स्टॉक रिपोर्ट के मुताबिक, 165 ताप विद्युत घरों में से 56 में 10 प्रतिशत या उससे कम कोयला बचा है। कम से कम 26 के पास पांच फीसदी से कम कोयला भंडार बचा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री ने भी ऊर्जा संकट और कोयले के अभाव के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाया है। पर इसके जवाब में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) का बयान खास मायने रखता है। एनटीपीसी ने कहा है कि उसके पास कोयले की कमी नहीं है। दरअसल, भीषण गरमी की वजह से राजधानी दिल्ली में बिजली की मांग अप्रैल महीने में पहली बार 6,000 मेगावाट प्रतिदिन के स्तर को पार कर गई है। पूरे देश में बिजली की बढ़ी हुई मांग को समझने के लिए यह एक मिसाल ही काफी है। भारत में भीषण गरमी के चलते छह साल से अधिक समय में सबसे विकट बिजली की कमी देखी जा रही है। चूंकि भारत में विद्युत उत्पादन ज्यादातर कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों में होता है, इसलिए कोयले की मांग बहुत बढ़ गई है। कोयले का भंडार कम से कम नौ वर्षों में सबसे कम पूर्व-ग्रीष्मकालीन स्तर पर है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, भारत में ऊर्जा की मांग रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। आपूर्ति में कमी नहीं आई है, लेकिन मांग बढ़ गई है। कमी दो प्रतिशत भी नहीं है, लेकिन असर कुछ राज्यों में दिखने लगा है। जम्मू-कश्मीर से आंध्र प्रदेश तक दो घंटे से लेकर आठ घंटे तक की बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली में अभी विशेष कटौती नहीं हो रही है और न उत्तर प्रदेश में कोई बड़ी परेशानी सामने आई है। लेकिन संकट आगे न बढ़े, इसके लिए पूरे इंतजाम की जरूरत है। आम लोगों को भी अपने-अपने स्तर पर जरूरी बिजली का ही उपयोग करना चाहिए, यह वाजिब सलाह राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी दी है। देश में ऊर्जा उत्पादन के लिए जिम्मेदार प्रमुख उपक्रम एनटीपीसी ने आश्वस्त करने की कोशिश की है, लेकिन तब भी सचेत रहना समय की मांग है। गरमी जैसे-जैसे बढ़ेगी, बिजली की मांग में भी अप्रत्याशित वृद्धि होगी। समस्या के बढ़ने से पहले ही समाधान सुनिश्चित कर लेना चाहिए। गौर करने की बात है कि कोयले की आपूर्ति अबाध करने के लिए अनेक ट्रेनों के संचालन को रोका गया है। इसका मतलब केंद्र सरकार गंभीर है। इसमें कोई शक नहीं, कोयले के अभाव की वजह से संकट खड़ा हुआ, तो केंद्र सरकार को ही आलोचना झेलनी पड़ेगी। रेलवे कोयले के परिवहन के लिए युद्धस्तर पर कदम उठाने की कोशिश कर रहा है और कोशिश में है कि कोयला बिजली संयंत्रों तक पहुंचाने में कम समय लगे। ट्रेनों के रद्द होने से भी संकट की गंभीरता का अंदाजा होता है। जिन लोगों की यात्रा प्रभावित होगी, उनके बारे में भी सोच लेना चाहिए। बिजली क्षेत्र की जरूरतों को युद्ध स्तर पर पूरा करना चाहिए। बिजली सबको चाहिए, तो इसके लिए सबको सोचना भी पड़ेगा।

## सम्पादकीय

# भारत की अपनी बात

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की दृढ़ता सबका ध्यान खींचने लगी है। भारत इन दिनों जिस भाषा या भाव में बात कर रहा है, उसे वास्तव में ऐसा ही करना चाहिए। एक स्थिर लोकतंत्र, विशाल आबादी और खुले बाजार वाले भारत को जो लाभ मिलने चाहिए, वे अभी तक नहीं मिले हैं। विदेश मंत्री की दृढ़ता न केवल लाभ दिला सकती है, बल्कि भारत की रक्षा पंक्ति को भी मजबूत कर सकती है। दरअसल, भारत की विदेश नीति वही है, जो पहले थी, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं और पश्चिम के देश कमजोर जमीन पर खड़े हैं। कुछ देशों का पक्षपात भारत ही नहीं, पूरी दुनिया झेलती आ रही थी, लेकिन अब ऐसे पक्षपाती देशों की नीतियां औंधे मुंह ढहने लगी हैं। ऐसे पक्षपाती देशों की नसीहत पहले हम सुन लेते थे, लेकिन अब कोई जरूरत नहीं है कि उनके कुतर्कों को सुना जाए या ऐसी नसीहतों को सुना जाए, जिस पर स्वयं पश्चिम के देश नहीं चल रहे हैं। विदेश मंत्री ने उचित ही कहा है कि भारत अपनी शर्तों पर दुनिया से रिश्ते निभाएगा और इसमें उसे किसी की सलाह की जरूरत नहीं है।

रायसीना डायलॉग में उन्होंने बहुत गहरी बात कही है कि वे कौन हैं समझकर दुनिया को खुश रखने की जगह, हमें इस आधार पर दुनिया से रिश्ते बनाने चाहिए कि हम कौन हैं! दुनिया हमारे बारे में बताए और हम दुनिया से मंजूरी लें, वह दौर खत्म हो चुका है। लगे हाथ उन्होंने यह भी कह दिया कि अगले 25 वर्षों में भारत वैश्वीकरण का केंद्र होगा। यह संकल्प वाजिब है, लेकिन इसे साकार करने के लिए बुनियादी रूप से हमें मजबूत होना पड़ेगा। अर्थव्यवस्था की ज्यादा चिंता करना जरूरी है। जब हमारे यहां पर्याप्त निवेश होगा, भरपूर रोजगार होगा, तो अपने आप हमारे सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ोतरी होगी। वैसे ऐसे सपने अनेक नेताओं ने पहले भी भारतवासियों को दिखाए हैं, लेकिन वास्तव में भारत अपने यहां आतंकवाद, अशिक्षा और गरीबी जैसी समस्या का मुकम्मल समाधान नहीं कर पा रहा है। दुनिया में भारत को एक सशक्त देश के रूप में देखा जाए, इसके लिए आत्मनिर्भरता भी बहुत जरूरी है। आत्मनिर्भरता ही हमें वैश्वीकरण के केंद्र में लाएगी। अतः विदेश मंत्री की सोच की दिशा बिल्कुल सही है, वह व्यापकता में सोच रहे हैं कि किस चीज में हम विफल रहे हैं? अपनी विफलताओं का वाजिब अध्ययन ही हमें विकास की ओर तेजी से ले जाएगा। इन दिनों यूरोपीय देश आए दिन भारत को सलाह दे रहे हैं कि वह रूस के साथ और व्यापार न करे। नए भारत के विदेश मंत्री अब बार-बार यह इशारा कर रहे हैं कि भारत को किसी से सलाह लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने चीन का नाम लिए बगैर बिल्कुल सही सवाल उठाया है कि यूरोप उस वक्त असंवेदनशील क्यों हो गया था, जब एक देश एशिया को धमका रहा था? वास्तव में, यह यूरोप के लिए जागने का समय है कि वह एशिया की ओर देखे। एशिया में भी अस्थिर सीमाएं और आतंकवाद जैसी समस्याएं खतरा बनी हुई हैं। पश्चिमी देश एशियाई देशों को केवल सलाह देकर काम चलाते आए हैं। जो देश सैन्य ताकत पर भरोसा करते हैं, वे भी भारत या एशिया के देशों को परस्पर वार्ता से विवाद सुलझाने की नसीहत देते हैं, जबकि परोक्ष रूप से विवादों की ओर से आंख मूंदकर सबके लिए समस्याएं बढ़ाते हैं।

**आजादी के बाद शायद पहली बार समूचा देश गंभीर बिजली संकट के दौर से गुजर रहा है। हालांकि सरकार देश में गहराए बिजली संकट के लिए कोयले की कमी को वजह मानने से साफ इनकार कर चुकी है, लेकिन बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय देश में बिजली का जो संकट है, उसका कारण कोयले की कमी है।**

# बिजली ने दिया जोर का करंट



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**बिजली संयंत्रों के पास कोयले का कम स्टॉक होने के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। कोविड-19 के प्रकोप में कमी आने के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी आई और बिजली की मांग बढ़ी, इसके अलावा इस साल जल्दी गर्मी शुरू होने गैस और आयातित कोयले की कीमतों में वृद्धि होने से भी बिजली संकट और गहराने लगा।**

देश में शायद पहली बार ऐसी स्थिति बनी है जबकि कोयले की किल्लत का असर हमारे घरों तक पहुंच गया है। इस समय लगभग सभी राज्यों में बिजली की कटौती शुरू हो गई है। छोटे कस्बों और गांवों के लोग तो बिजली कटौती के अभ्यस्त हैं, लेकिन बड़े शहरों और महानगरों में बिजली की कटौती के कारण हाहाकार मच गया है और इस कटौती से बचने के लिए लोग तमाम तरह की सिफारिशें लेकर बिजली विभाग के इंजीनियरों के पास पहुंच रहे हैं। बिजली क्षेत्र के जानकार बताते हैं कि देश में इस समय कोयले का संकट बेहद बढ़ गया है और इसी वजह से देश में बिजली संकट भी गहरा गया है। यह संकट कितना गहरा है, इसे समझने के लिए रेलवे के इस फैसले के बारे में भी जान लीजिए। खदान से कोयला जल्द से जल्द बिजलीघर तक पहुंचे, इसके लिए रेलवे ने विशेष इंतजाम किए हैं। इन इंतजाम में मालगाड़ियों का अतिरिक्त रैक लगाना तो है ही, साथ ही कुछ रूट से पैसेंजर और मेल एक्सप्रेस ट्रेन को कैंसिल भी किया जा रहा है। ऐसा इसलिए, ताकि ट्रैक खाली हो तो ज्यादा से ज्यादा मालगाड़ी चलाया जा सके। यह घटना भी पहली बार हुई है कि मालगाड़ियों के लिए ट्रैक खाली रखे जाने के कारण सवारी गाड़ियों को रेलवे ने रद्द किया है।



भारतीय रेलवे का दर्जा एशिया के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक है। अब रेलवे ने सफाई दी है कि पैसेंजर ट्रेनों को कैंसिल करने का उपाय अस्थायी है और स्थिति सामान्य होते ही यात्री सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। रेलवे ने दावा किया है कि बिजली संयंत्रों तक कोयले की ढुलाई में लगने वाले समय को कम करने के लिए ये कदम उठाया गया है। बता दें कि कोयले की ढुलाई के लिहाज से अक्सर रेलवे को लेट लतीफी के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। गाड़ियों और रैक्स की कमी भी एक बड़ी समस्या है। इसे देखते हुए रेलवे ने अपने बेड़े में एक लाख और वैगन जोड़ने की योजना बनाई है। इसके अलावा रेलवे माल को तेजी से पहुंचाने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भी बना रहा है। पर असली संकट रेलवे के कारण नहीं है। संकट सीधे-सीधे कोयले से जुड़ा है। दूसरी तरफ बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय देश में बिजली का जो संकट है, उसका कारण कोयले की कमी है। इस समय देश में कोयले से 70 फीसदी बिजली का उत्पादन होता है। देश के सभी बिजलीघरों में साल में करीब 920 मिलियन टन कोयले की खपत है। इनमें से 215 मिलियन टन कोयला दूसरे मुल्कों से मंगाया जाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोयले का दाम तीन गुना हो गया है। बिजली बनाने वाली कंपनियों के लिए इस कीमत पर कोयला खरीद कर बिजली बनाना संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने प्लांट या तो बंद कर दिए हैं या प्रोडक्शन कम कर दिया है। वैसे भी बिजली घरों में इस समय कोयले का भंडार नौ वर्षों में सबसे कम हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के साथ कोयले के आयात में गिरावट आई है। इस समय बेंचमार्क आस्ट्रेलियन न्यू कैसल कोल की कीमत बढ़ कर 300 डॉलर प्रति टन हो गई है। एक साल पहले यह कीमत 160 डॉलर प्रति टन थी, जबकि दो साल पहले 100 डॉलर प्रति टन। जब दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू ही हुआ था, उस समय एक दिन कोयले का दाम 440 डॉलर प्रति टन तक चला गया था। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने भी कहा है कि देश भर के ताप बिजलीघर कोयले की कमी से जूझ रहे हैं, जो देश में बिजली संकट का संकेत है। देशभर में बिजली का संकट तब गहराया है, जब चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है और बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बीच बिजली उत्पादन संयंत्रों में भी कोयले की मांग बढ़ गई है लेकिन मांग के अनुरूप सप्लाई नहीं हो पा रही है। देश की बिजली का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन ताप विद्युत केंद्रों से ही होता है। कोयले संकट की वजह से भारत के कई हिस्से लंबे समय से ब्लैकआउट का सामना कर रहे हैं, जबकि कुछ उद्योग ईंधन की कमी के कारण उत्पादन में कटौती कर रहे हैं। इस संकट की वजह से महामारी से उपजी मंदी से अर्थव्यवस्था के विकास में खतरा पैदा कर सकता है। आने वाले समय में महंगाई और बढ़ सकती है।

स्पष्ट है कि देशभर में तेजी से बढ़ते तापमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि हुई है। वहीं अधिक खपत के कारण आवश्यक कोयले की मांग भी बढ़ गई है। त्रासदी देखिए कि गर्मी से निजात पाने के लिए आप कोयले का दहन कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही आप दूसरी ओर गर्मी को बढ़ा रहे होते हैं क्योंकि कोयला जलने से ग्रीनहाउस गैसें वातावरण में जा रही होती हैं। जाहिर है कि ऐसे संकट से बचने के लिए हमें नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करने की जरूरत है। जिस गति से जलवायु परिवर्तन हो रहा है उसकी तुलना में हमें और तेजी से काम करना होगा। आज हम भले ही हीटवेव्स पर काबू पा लें लेकिन हमें आने वाले समय में अधिक चक्रवातों और बाढ़ के लिए तैयार होना होगा, जिसकी वजह से कोयला उत्पादन और ज्यादा प्रभावित होगा। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के साथ भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार हमें 2030 तक 8 लाख मेगावाट ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जिसमें 30 प्रतिशत नवीकरणीय स्रोतों से आएगा। अगर सौर और पवन के लिए मौजूदा स्थापित क्षमता को अभी कोयले के स्तर तक लाया जाता है तो कोई संकट नहीं होगा। ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिसे संग्रहीत नहीं किया जा सकता है और इसकी कमी कभी भी हो सकती है। जरूरत इस बात की है कि हमें अपने आपको ऐसे संकटों से बचाने के लिए बिजली के नवीकरणीय स्रोतों पर पूरा फोकस करना होगा।

## ओपिनियन

# जब किराये की कोख से आने लगे धनाढ्य लोगों के बच्चे



क्षमा शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

भाहा तो यह जाता है कि जो महिलाएं गर्भधारण नहीं कर सकतीं या जिनकी उम्र ज्यादा है, वे सरोगेसी की मदद से मां बनने की कोशिश करती हैं। जैसे कि हाल ही में मशहूर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा या प्रीति जिंटा मां बनी हैं। मगर यह हमेशा का सच नहीं है। कई माता-पिता जिनके बच्चे कुछ बड़े हो गए हैं, वे भी इस तकनीक की मदद से बच्चे पैदा करा रहे हैं, जैसे आमिर खान या शाहरुख खान। कई धनाढ्य या हस्तियां जो अविवाहित हैं, उन्होंने भी इस तकनीक की मदद से बच्चे का सुख प्राप्त किया है, जैसे कि निर्माता एकता कपूर, उनके भाई अभिनेता तुषार कपूर और करण जौहर। यह परंपरा धनाढ्य वर्ग में जोर पकड़ती जा रही है। क्या हम उस ओर बढ़ रहे हैं, जहां सक्षम महिलाएं शायद गर्भधारण और प्रसव पीड़ा से गुजरना ही न चाहें?



तकनीक ने बदलाव का रास्ता आसान कर दिया है। एक समय में विदेशी भी भारत में इस तकनीक से बच्चा प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में आते रहे हैं। क्योंकि विदेश के मुकाबले भारत में यह तकनीक बहुत सस्ती है। एक अनुमान है कि इसमें तेरह-चौदह लाख रुपये तक का खर्च आता है, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि तमाम मानवाधिकारों तक को भुला दिया जाता है। भारत में एक ऑस्ट्रेलियाई दम्पत्ति को जुड़वां बच्चे हुए थे, एक लड़का और एक लड़की। मगर वे लड़के को यहां यह कहकर छोड़ गए कि उन्हें लड़का नहीं चाहिए, क्योंकि उनका एक लड़का पहले से है। कितना दुखद है कि एक बच्चा जन्मते ही माता-पिता के होते हुए भी इस दुनिया में अकेला रह गया। बच्चा चुनने या छोड़ देने का यह अधिकार किसी को ताकत या धन के आधार पर देना कहां तक उचित है?

ऐसी ही बहुत सी घटनाएं रही होंगी, जिस कारण से भारत सरकार ने विदेशियों को यहां से सरोगेसी के जरिए बच्चा प्राप्त करने पर रोक लगा दी। इस तकनीक से कुछ महिलाएं तो लगभग हर साल बच्चे पैदा कर रही थीं। उनके स्वास्थ्य पर किसी का कोई ध्यान नहीं था। धन केलोभ महिलाएं भी अपने स्वास्थ्य से समझौता करने लगी थीं। अधिक बच्चों का जन्म महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। पहले ही भारत में जचगी के दौरान एनीमिक होने या खून की कमी के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं की मौत हो जाती है।

स्त्रीवादियों द्वारा यह आरोप भी लगाया जाता है कि एक स्त्री की कोख को व्यवसाय अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर रहा है। स्त्री के मां बनने के अधिकार को पैसे से खरीदा जा रहा है। वे इसे पैसे वालों का गरीब स्त्री के शरीर पर आक्रमण भी बताते हैं। वे औरत के शरीर को बच्चा पैदा करने वाली मशीन बनाने का विरोध भी करते हैं, जो सही भी है।

अपने यहां माना जाता है कि कोख से पवित्र कुछ नहीं है। बच्चे पर पहला अधिकार उस मां का होता है, जिसने उसे जन्म दिया। मगर यहां तो जो मां जन्म देती है, जन्मते ही बच्चे को उससे अलग कर दिया जाता है। जो स्वयं जन्म नहीं देती, जो प्रसव पीड़ा नहीं झेलती, वह पूरे अधिकार से मां बनकर बच्चे को ले जाती है। जन्म देने वाली मां की पहचान हमेशा केलिए खो जाती है। ऐसी कोख से जन्म लेने वाला बच्चा जब बड़ा होगा, तो क्या वह जन्म देने वाली मां को खोजेगा, क्या वह ममता का सही व स्वाभाविक मोल समझेगा? माना जाता है कि चूंकि बच्चे को जन्म देने के लिए मां को पैसे दिए गए हैं, इसलिए उसका उस पर कोई अधिकार नहीं है। जबकि गर्भावस्था के दौरान मां और बच्चे के बीच भावनात्मक सम्बंध जुड़ जाता है। यदि यह सम्बंध न हो, तो यह बच्चे के स्वास्थ्य और मानसिक विकास के लिए बुरा है। बच्चे और मां के बीच जो नाभि-नाल सम्बंध होता है, उसे बिल्कुल भुला दिया जाता है। आज स्टेम सेल विज्ञान इसी नाल से तमाम ऐसी बीमारियों का इलाज खोज रहा है, जिन्हें आज तक लाइलाज माना जाता है। बच्चे के विकास के लिए भावनात्मक सम्बंध कितने जरूरी हैं, आखिर इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता? हाल ही में हुई रिसर्च ने बताया था कि बच्चे अपनी मां को खुशबू से पहचानते हैं। जब तक वे भाषा नहीं सीखते, तब तक इसी खुशबू से काम चलाते हैं। आपने देखा ही होगा कि किसी दूसरे की गोद में अगर बच्चा रो रहा है, तो वह अपनी मां की गोद में आते ही चुप हो जाता है। यह खुशबू जन्म देने वाली मां की ही होती है। सरोगेसी से जन्मे बच्चे आखिर इस गंध को कहां से पाते होंगे? इस लेखिका ने कई वीडियो में भी ऐसा देखा है कि बच्चे जन्म के बाद जब अपनी मां के पास लाए गए, तो वे उन्हें सूंघने लगे। पैसे देकर किसी बच्चे को जन्मते ही खरीदना एक तरह से बच्चे के अधिकार का हनन तो है ही, उसे एक उत्पाद बना देना भी है। जैसे एक साबुन, शैम्पू या बिस्कुट, कपड़ा, आप बाजार से खरीदते हैं, उसी प्रकार पैसे देकर बच्चे भी खरीद सकते हैं।

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त श्री हनुमान तो अहर्निश राम नाम ही जपते रहते हैं। उनके जीवन धारण का एक मात्र उद्देश्य ही भगवान के नाम का जप और उनकी सेवा करना है। नामोपासना में किसी बाहरी संस्कार, दीक्षा, दक्षिणा, पुरश्चर्य नियम आदि की आवश्यकता नहीं है। शुद्ध अशुद्ध कैसे भी भगवान के नाम श्रद्धा, विश्वास, प्रेम और विशुद्ध भाव से जपा जाय वह शीघ्र फलदायी है। मंत्र के जाप में त्रुटि होने से दोष हो जाता है, किंतु नाम जप में ऐसा नहीं है। वाल्मीकि मुनि 'मरा-मरा' भगवान का उल्टा नाम जपते-जपते ही ब्रह्म के समान हो गए। नाम जप में कुछ नाम अपराध माने गए हैं, उनका ध्यान अवश्य रखना चाहिए। 1. सत्पुरुषों की निन्दा करना, 2. शिव, विष्णु, राम, कृष्ण इनके नाम में ऊंच-नीच की कल्पना करना 3. गुरु का अनादर करना, 4. शास्त्रों (धर्मग्रंथों) की निंदा करना 5. भगवान के नाम में अर्थवाद की क्लपना करना 6. भगवान के नाम का आश्रय लेकर नाम के बल पर पाप करना 7. श्रद्धरहित और सुनना न चाहने वाले व्यक्ति को नाम जप का उपदेश देना 8. अन्य शुभ कर्म जैसे यज्ञ, तप, दान, व्रत आदि की अवहेलना करना आदि। नामोपासना से सत्य की सिद्धि होती है, कुविचारों से मन मुक्त होता है, आध्यात्मिक उन्नति होती है, सभी सत् इच्छाएं पूर्ण होती हैं और अंत में भगवान का साक्षात्कार होता है। अन्य साधनाओं से जितने लाभ हो सकते हैं सब केवल निरंतर नाम जप से सुलभ हो जाती हैं।

क्रमशः

# अदालतों के भारतीयकरण की जरूरत और फायदे



ओमप्रकाश यादव
एडवोकेट
@jagrukjanta.net

भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा ने एक बार फिर अदालती व्यवस्थाओं में सुधार पर चर्चा शुरू की है। उन्होंने कहा है कि यह ऐसे पवित्र मंत्रों की तरह न हो, जिसे समझा ही न जा सके। उन्होंने चिंता व्यक्त की है कि अदालती भाषा और प्रक्रिया आम आदमी के लिए इतनी दुरूह है कि वह उसे जानने के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। इतना ही नहीं, इसका अंतहीन सिलसिला चलता रहता है और मुकदमे के समाप्त होते ही उसमें से ही दूसरे की शुरुआत हो जाती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि हमारी 5,000 साल पुरानी पारदर्शी और उन्नत अदालती व्यवस्था होने के बावजूद अपने निर्णयों में विदेशी सिद्धांतों की मदद लेते हैं, जो आम आदमी की समझ में नहीं आता है।

वैदिक काल में अदालतों को सभा कहा जाता था। वे स्थानीय स्तर पर एक गांव या आसपास के कुछ गांवों के विवादों का निपटारा अपने स्तर पर कर देती थीं। न्यायिक व्यवस्था पर लोगों का भरोसा इस कदर था कि बहुत कम मुकदमे ऐसे होते थे, जिन्हें राजधानी में ले जाना पड़ता, जहां दो तरह की अदालतें होती थीं। राजा की अदालत सबसे बड़ी होती थी, किंतु उसके नीचे भी एक न्यायालय होता था, जिसमें एक न्यायाधीश तथा आम नागरिकों के बीच से लिए गए कुछ लोग होते थे, जिन्हें आज की भाषा में 'ज्यूरी' कहा जा सकता है। ज्यूरी विवेचक की भूमिका निभाते थे, जिन्हें कानून की कसौटी पर परखने के बाद न्यायाधीश निर्णय देते थे। राजा की अदालत में बहुत कम मामले पहुंचते थे, क्योंकि अधिकतर लोग निचली अदालत के निर्णय से संतुष्ट हो जाते थे।

वैदिक न्यायालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वहां आम नागरिक की भाषा इस्तेमाल होती थी। नियम-कानून भी ऐसे होते थे, जिन्हें आम आदमी समझ सकता था। उसे समझने के लिए किसी विशेषज्ञ की जरूरत नहीं थी। पूरी प्रक्रिया मुकदमे के पक्षकारों के ईद-गिर्द घूमती थी। इस समय सब कुछ ठीक उल्टा है। कानून की भाषा और अदालती प्रक्रिया ऐसी है कि उसमें वादी कहीं दूर बेचारा-सा खड़ा दिखाई देता है। न्यायाधीश, अधिवक्ता और जटिल कानून न्यायिक व्यवस्था के केंद्र में आ गए हैं। कानून को स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सुझाव भी आए, किंतु उसका क्रियान्वयन नहीं हो सका। मालिमथ समिति ने 2003 में दी गई अपनी रिपोर्ट में इस पर व्यापक अनुशंसा की थी। उसमें कहा गया था कि हर कानून में अनुसूची जोड़कर उसे स्थानीय भाषा में भी लिखकर शामिल किया जाए। उनका मत था कि इससे आम आदमी में कानून की समझ विकसित होगी और उसका भरोसा बढ़ेगा।

आज की स्थिति यह है कि सरकार और अदालतों की तमाम कोशिशों के बावजूद लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस समय 4.5 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित चल रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि यदि एक भी नया मुकदमा दायर नहीं किया जाए, तब भी मौजूदा व्यवस्था में उन्हें निपटाने में 100 वर्ष लग जाएंगे। इसके लिए अपने यहां एक अच्छी पहल की गई थी। सन 2009 में संसद ने ग्राम न्यायालय अधिनियम के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अदालतों की स्थापना के लिए कानून बनाया था, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आए। इसके तहत देश में कुल आठ हजार न्यायालयों का गठन होना था, किंतु अब तक केवल 395 न्यायालयों की अधिसूचना जारी हो पाई है और उनमें से भी अधिकतर या तो निष्क्रिय हैं या आधे-अधूरे ढंग से काम कर रही हैं। यदि उन पर पर्याप्त ध्यान दिया जाए, तो नए मुकदमों की संख्या अपने आप कम हो जाएगी। हमारे वैदिक काल की अदालतों की एक विशेषता यह भी थी कि न्यायाधीशों की सत्यनिष्ठा असंदिग्ध हुआ करती थी। उनका पूरा जीवन समाज के सामने एक खुली किताब की तरह होता था। वैदिक अदालतें न्याय करते समय तकनीकी या कानून के आधार पर ही नहीं, अपितु संदर्भ के अनुसार मध्यस्थता और समझौते का व्यापक प्रयोग करती थीं। ग्रामीण न्यायालयों के न्यायाधीशों को तो 'पंच' के ही पदनाम से आज भी संबोधित किया जाता है। मध्यस्थता की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि इसमें मुकदमे के दोनों पक्षों में से कोई हारता नहीं, अपितु दोनों ही पक्ष अपने आप को विजेता मानते हैं। दोनों संतुष्ट हो जाते हैं और अपील की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए ऊपर की अदालतों पर मुकदमों का बोझ नहीं बढ़ता है। हमारे पास इस समय सैद्धांतिक तौर मध्यस्थता, सुलह तथा पंचनिर्णय के विकल्प मौजूद हैं, किंतु उसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। मुहिम चलाकर इसका प्रचार-प्रसार करने तथा अदालतों द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं)*

**जागरूक Selfie विद डॉटर**



ताशू डॉटर अर्पिता नाहर जैन, इंदौर

**हमे लिखे**

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 13/04/2022**

**सूर्योदय** : 05:41 **सूर्यास्त** : 18:59 **चन्द्रोदय** : 07:44 **चन्द्रास्त** : 22:27 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : वैशाख **पूर्णिमांत** : वैशाख **सूर्य राशि** : मेष **चन्द्र राशि** : वृषभ **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : तृतीया, 07:33 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : मृगशीर्षा, 30:14 तक
**योग** : अतिगंदा, 17:05 तक
**प्रथम करण** : गारा, 07:33 तक
**द्वितिय करण** : वणिजा, 20:47 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:13 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:34 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:31 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:45 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:58 पी एम से |
| अमृत काल | 08:23 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:56 पी एम से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | पूरे दिन |
| रवि योग | पूरे दिन |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : बुध
चन्द्रवासः दक्षिण 4.46 तक

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| लाभ : 05:40 - 07:20 | उद्वेग : 06:58 - 08:18 |
| अमृत : 07:20 - 08:59 | शुभ : 08:18 - 09:38 |
| काल काल वेला : 08:59 - 10:39 | अमृत : 09:38 - 10:58 |
| शुभ : 10:39 - 12:19 | चर : 10:58 - 12:18 |
| रोग वार वेला : 12:19 - 01:59 | रोग : 12:18 - 01:39 |
| उद्वेग : 01:59 - 03:38 | काल : 01:39 - 02:59 |
| चर : 03:38 - 05:18 | लाभ : 02:59 - 04:19 |
| लाभ : 05:18 - 06:58 | उद्वेग : 04:19 - 05:39 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज द्वादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

द्वादशी : यात्रादि को छोड़कर सभी धार्मिक शुभ कार्य किये जा सकते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

वैशाख, शुक्ल, तृतीया, 2079 बुधवार, 4 मई - 10 मई, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
किसी तीर्थस्थान के दर्शन तथा पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है। व्यय होगा। राजकीय सहयोग से स्थिति अनुकूल होगी।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
प्रयास थोड़े तथा लाभ अधिक होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। किसी बड़े कार्य को करने का मन बनेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
डूबी हुई रकम प्राप्ति के योग हैं, भरपूर प्रयास करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
अध्ययन तथा शोध इत्यादि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्र म बन सकता है। मित्रों के साथ समय सुखद व्यतीत होगा।

**कर्क** [हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
खर्च होगा। आर्थिक परेशानी हो सकती है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी हो सकती है। गलतफहमी के कारण विवाद हो सकता है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कारोबारी बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा मुनाफा हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जल्दबाजी में चोट लग सकती है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। अटके काम पूरे होंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। लाभ में वृद्धि होगी। निवेश इत्यादि लाभप्रद रहेंगे।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। अच्छी सूचना मिलेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
बाजार में इज्जत बढ़ेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि मनोनुकूल रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**यूईएम में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित**

# भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के 95 शोध पत्र प्रस्तुत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं @ जयपुर।** कम्प्यूटेशनल एप्लाइड साइंसेज एंड इट्स एप्लीकेशन्स (आईसीसीएएसए 2022) नाम से पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन युनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर में ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित किया गया। सम्मेलन में, विभिन्न देशों के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकृत किया, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयो, अनुसंधान संकायों और विभिन्न उद्योगों के शोधकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रो डॉ सत्यजीत चक्रवर्ती (चांसलर, यूईएम जयपुर), प्रो डॉ सत्यजीत चक्रवर्ती (प्रो-वाइस चांसलर, यूईएम जयपुर), प्रोफेसर डॉ बिस्वजॉय चटर्जी (वाइस-चांसलर, यूईएम जयपुर), प्रोफेसर डॉ प्रदीप कुमार शर्मा (रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर) और प्रोफेसर डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी (डीन, यूईएम जयपुर) की अध्यक्षता में किया गया।

उप निदेशक- परियोजना संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया की दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पृष्ठभूमि के बारह मुख्य वक्ता द्वारा गणना और एप्लाइड साइंसेज के मुख्य क्षेत्रों पर अपने व्याख्यान दिये गये, जिनमे प्रोफेसर आई जेलिंका (ओस्ट्रावा के तकनीकी विश्वविद्यालय), डॉ विजय कुमार व्यास (सूर विश्वविद्यालय, ओमान), प्रोफेसर लिलियाना गुरान (वासिले गोल्डिस वेस्टर्न यूनिवर्सिटी ऑफ अराड), डॉ डाविड डुडोव्स्की (लॉड्ज़ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, पोलैंड), प्रोफेसर रामकृष्ण रामास्वामी (आईआईटी, दिल्ली), डॉ अवधेश प्रसाद (दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ प्राणजीत बर्मन (एनआईटी, सिलचर), प्रोफेसर रागिनी गुप्ता (एमएनआईटी, जयपुर), डॉ वेदवती जी पुराणिक (सीएसआईआर- नेशनल केमिकल लैब पुणे), प्रोफेसर डीएस हुड्डा (गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार), प्रोफेसर रश्मि भारद्वाज (जी जीएसआई विश्वविद्यालय, नई दिल्ली), प्रोफेसर डी बंदोपाध्याय (बिट्स पिलानी) रहे।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के विभिन्न क्षेत्रों और उनके अनुप्रयोगों के लगभग 95 शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। आईसीसीएएसए 2022 में सभी गतिविधियों की सारांशित रिपोर्ट कन्वीनर डॉ प्रफूल छाबड़ा और सुश्री पल्लवी मलिक द्वारा प्रस्तुत की गई। सम्मेलन में प्रस्तुत पूर्ण शोधपत्र एआईपी (अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स) (वेब ऑफ साइंस, और स्कोपस, एल्सेवियर) कॉन्फ्रेंस प्रोसेडिंग में प्रकाशन के लिए भेजे जाएंगे।

## आमिर ने नवलगढ़ में मनाई ईद



**नवलगढ़ (झुंझुनूं) @ जागरूक जनता।** बॉलीवुड सुपर स्टार आमिर खान ने मंगलवार को नवलगढ़ (झुंझुनूं) में ईद मनाई। होटल के बाहर सुबह से ही प्रशंसकों की भीड़ जुट गई थी। उन्होंने अपने फैंस से हाथ मिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। आमिर खान नवलगढ़ में वेब सीरीज प्रीतम प्यारे की शूटिंग के लिए आए हैं। मंगलवार सुबह आमिर प्रशंसकों से मिले और शूटिंग के लिए निकल गए। आमिर खान अपने बेटे जुनैद खान की वेब सीरीज में गेस्ट रोल में दिखाई देंगे। आमिर खान सोमवार को ही नवलगढ़ पहुंचे थे। रात को भी बड़ी संख्या में लोग आमिर खान से मिलने के लिए पहुंचे थे। शूटिंग का पहला दिन होने के कारण वे प्रशंसकों से नहीं मिले। करीब 10 साल बाद फिर से आमिर खान नवलगढ़ आए हैं। इससे पहले वे पीके की शूटिंग के दौरान भी नवलगढ़ आ चुके हैं।

# जागरूक खबरें

## चिकित्सा के लिए गहलोत सरकार का अच्छा निर्णय - देवेंद्र



**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश सरकार ने चिकित्सा व्यवस्था में जो कदम उठाया है उसकी भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सराहना की है। उन्होंने इसे जनहित में अच्छा निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन को निःशुल्क चिकित्सा के निर्णय की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है क्योंकि आम आदमी अधिकतर बीमारी के समय आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करता है कोई मकान बेचता है कोई गहने बेचता है कोई ब्याज पर पैसा लेकर इलाज करवाता है। जिस प्रकार से दवाओं का दायरा बढ़ाया गया है वह भी सराहनीय है। शर्मा ने कहा कि ऐसी ही व्यवस्था शिक्षा में भी की जाए जिससे आमजन को राहत मिल सके, क्योंकि निजी स्कूल आमजन को लूट रहे है।

## समाजसेवी स्व. इन्द्रपाल चौधरी की स्मृति में 'ताऊ की प्याऊ'




**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित आयुर्वेद अस्पताल के पास राजराजेश्वरीमाताजी के मन्दिर प्रांगण में स्व. इन्द्रपाल चौधरी की स्मृति में एक वाटर कूलर लगाया गया है। स्व. चौधरी के अभिन्न मित्र और समाजसेवी भवानीसिंह राठौड़ ने बताया कि स्व. चौधरी के परिजन एवं मित्रजनों ने मिलकर उनकी याद में 'ताऊ की प्याऊ' के नाम से यह वाटर कूलर आमजन के लिए रखा गया है, ताकि इस गर्मी में राहगीत ठंडा पानी पी सके।

## नर्सेज एसोसिएशन ने लगाए परिण्डे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के द्वारा अशोक गहलोत मुख्यमंत्री के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर सवाई मानसिंह हॉस्पिटल प्रागण में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम मीणा अशोक शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष सोमसिंह मीणा अध्यक्ष संघर्ष समिति पवन जादौन प्रदेश महामंत्री बालकृष्ण शर्मा जिला अध्यक्ष मनोज डूब्बी प्रदेश संयोजक घनश्याम मोहनपुरिया विकाश सोनी गोपाल चेतराम देवेंद्र सैनी इत्यादि नर्सेज मौजूद रहे।

**सुरक्षा सखियों ने पोस्टर व स्लोगन के जरिये दिया जयपुर पुलिस को धन्यवाद**

# सुरक्षा सखियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार व पुलिस आयुक्तालय जयपुर की ओर से निर्भया स्क्वाड की नोडल अधिकारी एडिशनल डीसीपी सुनीता मीना के निर्देश व प्रताप नगर थाना इंचार्ज बलवीर सिंह के सानिध्य मे प्रताप नगर पुलिस थाना की पंजीकृत सुरक्षा सखियो के लिये 5 दिवसीय निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरु हुआ। इसके दूसरे दिन जयपुर पुलिस की निर्भया मास्टर ट्रेनर सरिता व सीमा ने सुरक्षा सखियो को आत्मरक्षा के गुर सीखाए। इस शिविर मे सुरक्षा सखियो ने स्वयं की सुरक्षा व अपने परिवार की महिलाओ की सुरक्षा के लिये जोश, साहस व उत्साहपुर्वक आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लिया। सुरक्षा सखी रीमा गोधा व अनिता सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान डेमो के जरिए समझाया कि अगर कोई छेडछाड करने की नीयत से कन्धे पे हाथ रखे तो उसे एक महिला आसानी से उसका हाथ मोड़कर कैसे गिरा सकती है। इसके अलावा सुरक्षा सखी अनिता सिंह, रीमा गोधा, सरिता चौधरी, बबिता शर्मा, आरती बैरवा सहित कई सुरक्षा सखिया ने अपने हाथो से पोस्टर व स्लोगन तैयार भी किये। उठो नारी क्रांति लाओ..बनो अपने क्षेत्र की सुरक्षा सखी, महिलाओ की सखी सुरक्षा-सखी, थैंक यू जयपुर पुलिस, थैंक यू निर्भया, वी प्राउड ऑफ़ सुनीता मीना मैम.. जैसे स्लोगन व नारो के साथ जयपुर पुलिस व निर्भया स्क्वाड टीम का धन्यवाद किया। साथ ही महिलाओ से अपील की कि खुद की सुरक्षा के लिये जयपुर पुलिस का निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर से जुड़े।

**जीएसटी कलेक्शन का नया रिकॉर्ड**

# अप्रैल में सरकार को 1.67 लाख करोड़ की कमाई, यह पिछले साल से 20% ज्यादा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत ने ग्रॉस GST कलेक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया है। अप्रैल 2022 में ग्रॉस GST रेवेन्यू 1,67,540 करोड़ रुपए रहा। इसमें CGST 33,159 करोड़ रुपए, SGST 41,793 करोड़ रुपए, IGST 81,939 करोड़ रुपए और सेस 10,649 करोड़ रुपए है। इससे पहले मार्च में GST कलेक्शन 1,42,095 करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल 2021 की बात करें तो तब 1,39,708 करोड़ का GST कलेक्शन हुआ था। यानी सालाना आधार पर GST कलेक्शन में 20% बढ़ोतरी हुई है।

### पहली बार 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा का GST कलेक्शन

ऐसा पहली बार हुआ है जब GST कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकला है। इससे पहले मार्च में GST कलेक्शन 1,42,095 करोड़ रुपए रहा था, जो इससे पहले किसी भी महीने का सबसे ज्यादा में GST कलेक्शन था।

### GST कलेक्शन में ये राज्य रहे सबसे अव्वल

अक्टूबर में GST कलेक्शन के लिहाज से टॉप-5 राज्यों में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। अप्रैल 2022 में महाराष्ट्र में GST कलेक्शन पिछले साल की तुलना में 35% बढ़कर 27 हजार 495 करोड़ रुपए रहा ,जो पिछले साल 22 हजार 13 करोड़ रुपए रहा था। लिस्ट में कर्नाटक और गुजरात दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।

**GST कलेक्शन के लिहाज से टॉप 5 राज्य**

| राज्य | अप्रैल 2021 | अप्रैल 2022 | बढ़त |
|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 22,013 | 27,495 | 25% |
| कर्नाटक | 9,955 | 11,820 | 19% |
| गुजरात | 9,632 | 11,264 | 17% |
| तमिलनाडु | 8,84 | 9,724 | 10% |
| उत्तर प्रदेश | 7,355 | 8,534 | 16% |

### महंगाई का GST के साथ कनेक्शन

अगर महंगाई और GST कलेक्शन के बीच कनेक्शन की बात करें तो जिस महीने में थोक महंगाई (WPI) बढ़ी है उस महीने GST कलेक्शन भी बढ़ा है। मार्च 2022 में GST कलेक्शन ने नया रिकॉर्ड बनाया था। तब WPI भी 14.55% रही थी। ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि जब किसी चीज की कीमत बढ़ती है तो उस पर लगने वाला टैक्स भी बढ़ जाता है। मान लीजिए सीमेंट की एक बोरी की कीमत मार्च में 300 रुपए प्रति बोरी है तो इस पर 28% GST के हिसाब से 84 रुपए टैक्स लगेगा। वहीं अप्रैल में इसकी कीमत 320 रुपए पर पहुंच जाती है। तक इस पर 90 रुपए टैक्स लगेगा। इससे साफ है कि महंगाई बढ़ने से GST कलेक्शन भी बढ़ता है। हालांकि मांग में कमी आने पर GST कलेक्शन में भी कमी आ सकती है।

### आप भी भरते हैं GST

किसी भी तरह से आप कोई भी लेन-देन करेंगे आपको GST का पेमेंट करना होगा। इसी तरह से अगर आप बिजनेस करते हैं तो आप सामने वाले ग्राहक को बिल में GST जोड़ कर देते हैं और इसके साथ ही ग्राहक आपको पैसे देता है। फिर उसमें से जो GST का हिस्सा है वह आपको अगले महीने की 20 तारीख तक जमा कराना होता है। देश में GST के अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

### GST के 4 स्लैब

GST में 5, 12, 18 और 28% के चार स्लैब हैं। हालांकि, गोल्ड और गोल्ड ज्वेलरी पर 3% टैक्स लगता है। कुछ अनब्रांडेड और अनपैक्ड प्रोडक्ट ऐसे भी है जिनपर GST नहीं लगता।

# हैदराबाद, अहमदाबाद, मुंबई में सबसे अधिक बढ़ी घरों की बिक्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश के 8 प्रमुख शहरों में चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 59 प्रतिशत बढ़ककर 55,907 इकाई पर पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के मुताबिक घरों की बिक्री मुंबई और अहमदाबाद में अधिक बढ़ी। प्रॉपटाइगर के मुताबिक, जून तिमाही, 2021 की तुलना में सितंबर तिमाही में घरों की मांग 3 गुना बढ़ी है। पिछले साल सितंबर तिमाही के दौरान 35,132 घर बिके थे।



### इस वजह से बिक्री में हुआ सुधार

**प्रॉपटाइगर** की यह रिपोर्ट विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की आवास बिक्री की रिपोर्ट पर आधारित है। इसके मुताबिक, जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री सालाना और तिमाही आधार पर बढ़ी है। कम ब्याज दरें, प्रॉपर्टीज की कीमतों में आई कमी खुद का घर खरीदने की अवधारणा से बिक्री में सुधार हुआ।

**किन शहरों में कितनी बिकी**

| शहर | जून तिमाही | सितंबर तिमाही | बढ़ोत्तरी |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | 3,339 | 5,483 | 64% |
| बेंगलूरु | 4,825 | 6,547 | 36% |
| दिल्ली-एनसीआर | 4,427 | 4,458 | 00% |
| हैदराबाद | 3400 | 7,812 | 100% |
| कोलकाता | 2466 | 2,651 | 07% |
| मुंबई | 7,378 | 14,163 | 92% |
| पुणे | 7,107 | 10,128 | 43% |
| चेन्नई | 2370 | 4665 | 96% |

**कोविड का असर : RBI रिपोर्ट**

# कोरोना : आर्थिक नुकसान से उबरने में 12 साल लगेंगे

- **3 साल में 50 लाख करोड़ से ज्यादा का आउटपुट लॉस**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI की रिसर्च टीम ने माना है कि कोविड-19 की वजह से देश की अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा है। RBI के मुताबिक, कोरोना महामारी की वजह से हुए नुकसान से उबरने में हमारी इकोनॉमी को 12 साल (2034-2035) तक लग सकते हैं। RBI ने 'करंसी एंड फाइनेंस 2021-22' रिपोर्ट जारी की है। इसे सेंट्रल बैंक की रिसर्च टीम ने तैयार किया है।

रिपोर्ट में 3 सालों में भारत को 50 लाख करोड़ से ज्यादा का आउटपुट लॉस (उत्पादन घाटा) का अनुमान लगाया गया है। 2020-21 में 19.1 लाख करोड़, 2021-22 में 17.1 लाख करोड़ और 2022-23 में 16.4 लाख करोड़ का



घाटा आंका गया है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि डिजिटाइजेशन को बढ़ावा और ई-कॉमर्स, स्टार्ट-अप, रिन्यूएबल और सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में नए निवेश के बढ़ते अवसर ग्रोथ में अपना योगदान दे सकते हैं।

### कोरोना की लहरों से रिकवरी प्रभावित

**रिपोर्ट** के अनुसार COVID-19 महामारी की बार-बार आ रही लहरों के कारण इकोनॉमिक रिकवरी प्रभावित हो रही है। जून 2020 की तिमाही में तेज संकुचन के बाद, दूसरी लहर के आने तक इकोनॉमिक रिकवरी तेज रही। इसी तरह, जनवरी 2022 में तीसरी लहर के कारण रिकवरी प्रोसेस आंशिक रूप से प्रभावित हुई। इसमें ये भी कहा गया है कि महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, खासकर जब हम चीन, साउथ कोरिया और यूरोप के कई हिस्सों में संक्रमण की ताजा लहर को ध्यान में रखते हैं।

### रूस-यूक्रेन जंग से भी इकोनॉमी को नुकसान

**रिसर्च** टीम ने रूस-यूक्रेन जंग से पैदा हुए हालातों पर भी चिंता जताई है। इसमें कहा गया है कि सप्लाई की दिक्कत और डिलीवरी टाइम में बढ़ोतरी ने शिपिंग कॉस्ट और कमोडिटी प्राइसेस को बढ़ा दिया है। इससे महंगाई बढ़ गई है पूरी दुनिया में इकोनॉमिक रिकवरी को प्रभावित कर रही है। भारत भी ग्लोबल सप्लाई चेन की दिक्कतों से जूझ रहा है। डिलीवरी टाइम के बढ़ने और रॉ मटेरियल के हाई प्राइस भारतीय फर्मों के मुनाफे को कम कर रहे हैं।

### IMF ने भी भारत का GDP अनुमान घटाया

**बीते** दिनों इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत के GDP अनुमान को 80 बेसिस पॉइंट घटाकर 8.2% कर दिया था। जनवरी में IMF ने 9% ग्रोथ का अनुमान लगाया था। ग्रोथ अनुमान रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए घटाया गया है। IMF का मानना है कि रुस-यूक्रेन जंग से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई है और ये घरेलू खपत और प्राइवेट इन्वेस्टमेंट पर बुरा प्रभाव डालेगी।

### वर्ल्ड इकोनॉमी का भी ग्रोथ अनुमान घटाया था

**वर्ल्ड** इकोनॉमी 2023 में इकोनॉमी 3.6% से ग्रो हो सकती है, जो कि पहले के अनुमान से 20 बेसिस पॉइंट कम है। IMF के चीफ इकोनॉमिस्ट पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने कहा था, 'रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के कारण ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। युद्ध ने सप्लाई चेन से जुड़ी समस्याओं को और ज्यादा बढ़ा दिया है। भूकंपीय तरंगों की तरह, इसका असर दूर तक होगा।



# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं एवं आभार

## श्री अशोकजी गहलोत

(मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार) एवं

## श्री सुखरामजी विश्नोई

(राज्यमंत्री राजस्थान सरकार)

के **जन्मदिवस** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं एवं



श्री पुखराज पाराशर



पंचायत समिति क्षेत्र सांचौर में करवाए गए विभिन्न विभागों में विकास कार्यों के लिए

## श्री अशोकजी गहलोत एवं श्री सुखरामजी विश्नोई

का हार्दिक आभार

### विभिन्न विभागों में करवाए गए विकास कार्य

-: जलदाय विभाग :-

-: कृषि विभाग :-

-: शिक्षा विभाग :-

-: उच्च शिक्षा विभाग :-

-: चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग :-

-: राजस्व विभाग :-

-: सार्वजनिक निर्माण विभाग :-

-: पंचायतीराज विभाग :-

-: विद्युत विभाग :-

-: वन विभाग :-

-: पशुपालन विभाग :-

-: ग्राम सेवा सहकारी समिति :-

-: गौपालन विभाग :-

-: स्वायत्त शासन विभाग :-

-: न्याय विभाग :-

-: औद्योगिक विभाग :-





तुलसा राम

समस्त पंचायत समिति सदस्य एवं कर्मचारी पंचायत समिति सांचोर

## जागरूक खबरें

### न्युवोकों प्लांट की माइंस में मनाया विश्व श्रमिक दिवस



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर विश्व श्रमिक दिवस न्युवोको विस्टास कॉरपोरेशन लिमिटेड के चित्तौड़ सीमेंट प्लांट अरनियाजोशी लाइमस्टोन माइंस में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डीजीएमएस उत्तरी-पश्चिमी अंचल उदयपुर आफ माइन्स सेफ्टी इलेक्ट्रिकल निदेशक सी. पलानी मलाई, चित्तौड़ सीमेंट के प्लांट मैनेजर संजय त्यागी एवं अन्य विभाग अध्यक्ष माइंस टीम के साथ उपस्थित थे। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ श्रमिकों को प्रोत्साहित कर उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में विद्युत सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की अतिथियों ने सराहना की। पलानी मलाई के मौजूद श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए उनके अधिकारों से अवगत कराया। प्लांट मैनेजर त्यागी एवं माइंस मैनेजर सोमनाथ बनर्जी ने अतिथि निदेशक को आश्वस्त किया कि यहां डीजीएमएस के सुरक्षा मापदंडों की पालना सदैव की जायेगी। वृक्षारोपण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### तीन दिवसीय गांधी मेला आयोजित

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाड़ी के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष भी बाड़ी मानसरोवर बांध, सदाशिव मन्दिर प्रागण में तीन दिवसीयं गांधी मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना, नगरपालिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा, उपाध्यक्ष परवेज अहमद, पूर्व विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद रविप्रकाश सोनी, पार्षद रोमी पोरवाल, जिला क्रीड़ा परिषद सदस्य मुकेश पारख एवं सचिव जिला कांग्रेस कमेटी एवं सरपंच फलवा भोपराज टांक आदि अतिथियों द्वारा मेले मे पहूँचकर वहा चल रहे कार्यक्रमों में भाग लिया। प्रारम्भ में मेला स्थल पर पहुंचने पर कमेटी एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियो को पगडी पहनाकर एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान एंव सरंक्षक, मेला कमेटी गोपाललाल आंजना, पूर्व सरपंच एवं अध्यक्ष, मेला कमेटी कैलाशचंद्र आंजना, सरपंच गोपाललाल रेगर, उपसरपंच कैलाशचंद्र आंजना, उपाध्यक्ष मेला कमेटी जसवंत आंजना, वार्ड पंच राधेश्याम तेली, सुशीला जाट, चम्पालाल जटिया, कृष्णा जटिया, केसर रेगर, सन्तोष कुमावत, शिवनारायण जाट, भंवरलाल सुथार, खलील भाई, मुकेश खटीक, ओम जाट, कैलाश रेगर, रतनलाल गुर्जर, हिरालाल गुर्जर, अशोक जायसवाल, करण आंजना, राकेश कुमावत, समस्त गणमान्य ग्रामवासी एवं मेलार्थी उपस्थित थे।

### ईवीएम मशीनों की एफएलसी व कमीशनिंग आज

**चित्तौड़गढ @ जागरूक जनता।** पंचायत उपचुनाव 2022 के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जिले में कपासन पंचायत समिति के वार्ड संख्या 10 और बड़ीसादड़ी पंचायत समिति के वार्ड संख्या 12 से पंचायत समिति सदस्यों एवं निंबाहेड़ा पंचायत समिति की बांगेड़ा घाटा ग्राम पंचायत के सरपंच पद के उपचुनाव हेतु ईवीएम मशीनों की एफएलसी व कमिशनिंग 4 मई को मेजर नटवर सिंह शक्तावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चित्तौड़गढ़ में स्थित ईवीएम वेयर हाउस में प्रातः 9 बजे से की जाएगी। इसी दिन दोपहर 1 बजे डीओआईटी के वीसी कक्ष में ईवीएम मशीनों का प्रथम एवं द्वितीय रेंडमाइजेशन भी किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीतेश श्री मालवीय ने बताया कि प्रत्याशी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उक्त प्रक्रिया का अवलोकन करने हेतु नियत स्थान व समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण जन चेतना अभियान भाविप की 47वीं साईकिल रैलीस म्पन्न



**चितौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भारत विकास परिषद् चितौड़गढ शाखा के बेनर तले 47वीं पर्यावरण संरक्षण साईकिल रैली शाखा अध्यक्ष बाल किशन धूत के नेतृत्व में सम्पन्न हुई जिसे परिषद् के प्रान्तीय महिला एवं बाल विकास प्रमुख शषी महेश सनाढ़्य व पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष कमल जैन ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रभारी सीताराम मालीवाल के अनुसार माह के प्रत्येक प्रथम रविवार को आयोजित रैली में जिला संयोजक शिवप्रकाश पुंगलिया, एन.के. जोषी, राजेष न्याती कोषाध्यक्ष, भगवती लाल समदानी, डी.सी. पुरोहित, भगवान लालझंवर, के.सी. अग्रवाल, एन.के. जैन आदि की सहभागिता में आयोजित रैली कलेक्ट्रेट चौराहे से प्रारम्भ होकर पन्नाधाय कोलोनी, कबीर कोलोनी, सुभाषनगर, आनन्द विहार से होते हुए शास्त्री नगर सर्कल पर समाप्त हुई। परिषद् अध्यक्ष धूत के अनुसार विगत 4 वर्ष से पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनचेतना जागृत करने व प्रकृति से जुडियें अभियान में अब तक 84 पोस्टरों का भी विमोचन किया जा चुका है। रैली के अन्त में संरक्षक डॉ. महेष चन्द्र सनाढ़्य के आकस्मिक निधन पर दो मिनिट का मौन रखकर शोका भिव्यक्ति की गई। परिषद् उनके योगदान को कभी भुला नहीं पायेगी।

### मतदान दिवस के दिन औद्योगिक/वाणिज्यिक संस्थानों आदि के श्रमिकों को संवेतन अवकाश घोषित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर मतदान की तिथि 8 मई निश्चित की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम , 1951 की धारा 135 के अनुसार मतदान के दिन किसी कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को जो लोकसभा/विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक/वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के आयोजकों को उनके क्षेत्र में मतदान दिवस 8 मई, 2022 के लिए उनके संस्थान में कार्यरत सभी कामगारों को, जिनमें आकस्मिक कामगार भी सम्मिलित है, सवैतनिक अवकाश प्रदान प्रदान किया गया है।

---

आरामदायक बनेगा रेल सफर

# इंडियन रेलवे चलाएगी स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस, 200 ट्रेनों के लिए टेंडर जारी

**नई दिल्ली।** वंदे भारत एक्सप्रेस को मिले अच्छे रिस्पॉन्स को देखते हुए अब इंडियन रेलवे ने स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने प्लानिंग में है। इसके लिए इंडियन रेलवे ने 200 स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए टेंडर जारी किया है। इस टेंडर में एक्सप्रेस के डिजाइन, मैन्यूफैक्चरिंग और मेंटेनेंस शामिल है। इसके अलावा रेलवे ने वंदे भारत के अपग्रेडेशन के लिए भी टेंडर जारी किया है। बता दें टेंडर की आखिरी तारीख 26 जुलाई 2022 निर्धारित की गई है।



#### ट्रेन के सभी कोच AC होंगे

इंडियन रेलवे की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस के सभी कोच ष्ट होंगे। स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस को मध्यम और लंबी दूरी के रूट पर चलाया जाएगा। रेलवे की तरफ से टेंडर को लेकर कहा गया कि? मौजूदा वंदे भारत एक्सप्रेस के अपग्रेडेशन का काम महाराष्ट्र के लातूर में स्थित मराठवाड़ा रेल कोच फैक्ट्री में किया जाएगा या चेन्नई में। 16 डिब्बों वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में 1 फर्स्ट AC, 4 सेकेंड AC और 11 थर्ड AC के डिब्बे होंगे। 20 डिब्बों वाली स्लीपर ट्रेन में फर्स्ट AC, 4 सेकेंड AC और 15 थर्ड AC के डिब्बे लगाए जाएंगे। इस ट्रेन की रफ्तार 160 किमी. प्रति घंटे की होगी।

#### तय समय में 200 ट्रेनें तैयार होंगी

रेलवे की तरफ से दी गई जानकारी में बताया कि? पहली प्री-बिड कॉन्फ्रेंस 20 मई 2022 को आयोजित किया जाएगा। रेलवे ने टेंडर में बताया कि स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस की डिलीवरी की डेडलाइन 6 साल 10 महीने की होगी। कंपनी इस टाइम पीरियड के अंदर 200 ट्रेनें तैयार करके देगी।

#### वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चलाई गई थी पहली वंदे भारत

वाराणसी से नई दिल्ली के बीच 15 फरवरी 2019 को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई गई थी। इसके बाद 3 अक्टूबर 2019 को दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नई दिल्ली से कटरा स्टेशन के बीच शुरू हो गई। ये दोनों ही ट्रेनें चेयरकार हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस की अधिकतम स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा है, जो कि भारतीय रेल नेटवर्क की सबसे तेज स्पीड है।

---

बिरला सीमेंट लाइमस्टोन माइंस

## उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** बिरला सीमेंट लाइमस्टोन माइंस, जाई-सुरजना द्वारा खान सुरक्षा निदेशालय के उत्तर पश्चिम अंचल भारत सरकार के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विद्युत, खान सुरक्षा निदेशालय उपनिदेशक राजीव ओमप्रकाश वर्मा थे। इस मौके पर आज़ादी के अमृत महोत्सव की वेला में इस वर्ष विशेष रूप से मनाएं जा रहे श्रमिक दिवस पर महात्मा गाँधी जी के वचन कर्म ही पूजा है विषय पर कार्यशाला कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाईस प्रेसिडेंट तकनिकी देवेंद्र के पटेल, विशिष्ट अतिथि ए वी पी ह्यूमन रिसोर्सेज एंड एडमिंस्ट्रेशन प्रदीप डी सिंह एंव माइंस विभाग बिरला सीमेंट वर्क्स काशी कांत सिंह वर्क्स थे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। लोकेश वैष्णव ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से श्रमिक साथियों के काम के प्रति समर्पण भाव में उत्साह का जोश भर दिया। इस अवसर पर विगत वर्ष अपने अपने कार्यक्षेत्र में सर्वोच्च आयाम स्थापित करने पर 7 श्रमिक कामगारों को उल्लेखनीय सेवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रमिक बंधू सुनील सुहालका को ब्रेकर ऑपरेशन द्वारा सुरक्षा मापदंडो का पूर्ण पालन कर सर्वाधिक औसत उत्पादन देने के साथ साथ कोरोना उपयुक्त व्यवहार के साथ कार्य करने वसाथी कामगारों को भी कोरोना उपयुक्त व्यवहार कर ही कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने पर सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार पूरण गिरी को हाउस कीपिंग, गणपत सिंह चुण्डावत को पे लोडर, पप्पू रावत को सेफ्टी, खड़क सिंह को निश्चित समयावधि में मशीनो के रखरखाव करने, गणेश सिंह को क्रशर के रखरखाव तथा ऋषभ व्यास को रात्रि में खनन कार्य करने हेतु उचित रौशनी की उपलब्धता के लिए पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक बिरला सीमेंट नरेंद्र मेनारिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों व कर्मचारियों को सत्यदेव व्यास, नरेंद्र मेनारिया, सीमेंट फैक्ट्री मज़दूर संघ जनरल सेक्रेटरी दिलीप सिंह राठौड ने भी सम्बोधित किया।

---

## मुस्लिम समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद उल फित्र

**चितौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** मुस्लिम समुदाय ने पवित्र त्यौहार ईद उल फित्र हर्षोल्लास के साथ मनाई। ईदगाह पर मुस्लिम समाज के लोगो ने सामूहिक नमाज़ अदा की ओर देश में अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी। अंजुमन प्रवक्ता अवेस अख्तर कूका व रिज़वान अशरफी ने बताया की गंभीर नदी के समीप ईदगाह पर सैकड़ो की संख्या में ईद की सामूहिक नमाज़ शहर क़ाज़ी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी ने पढ़ाई व मुल्क में अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी। इससे पूर्व मौलाना अब्दुल रशीद बरकाती ने ईद पर किए जाने वाले पुण्य व ईद की फजीलत पर तकरीर की। इसके बाद अंजुमन सेर्क्रे ट्री फैज़ मोहम्मद ने सभी को ईद की मुबारकबाद पेश की। इस दौरान सभी ने एक दूसरो को गले लगा ईद की मुबारकबाद पेश की। गौरतलब है की कोरोना के कारण 2 साल बाद ईदगाह पर सामूहिक नमाज़ हुई जिसको लेकर मुस्लिम समाज में काफी उत्साह दिखा। इस दौरान अंजुमन सदर जमील खान, सेर्क्रे ट्री फैज़ मोहम्मद, कैशियर लियाकत शोरगर, नायब सदर मुबारक मंसूरी,शरीफ खान, जुल्फीकार मुल्तानी, इरशाद भय्यु, जॉइंट सेर्क्रे ट्री ताहिर हुसैन, गुलाम रसूल खान, ऑफिस सेक्रेट्री मोहम्मद मुर्तजा, संगठन मंत्री फारूक गौरी, इम्तियाज लोहार, सिद्दीक खान, केबीनेट सदस्य जाकिर हुसैन, खिज़र खान, शाहिद लोहार, मोहम्मद सिद्दिक नूरी आदम खान,सलमान खान,जलील शाह, शाहिद अख्तर, हाजी सलीम अशरफी सहित शहर के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

---

महावीर जैन मंडल कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र

## अध्यक्ष डॉ सेठिया की वरिष्ठ समाजजनों से भेट

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** समग्र जैन समाज की संस्था महावीर जैन मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा आई एम सेठिया ने जैन समाज के वरिष्ठजनों से व्यक्तिगत मुलाकात में अध्यक्ष मनोनीत करने पर धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही कार्यकारिणी गठन एवम संगठनात्मक चर्चा की। डा सेठिया के अनुसार श्रमण संघ अध्यक्ष हस्ती मल चोरडिया, मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष चंद्र सिंह कोठारी ,तेरापंथ अध्यक्ष अजीत ढिलीवाल, दिगंबर समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश अजमेरा, शांत क्रांत संघ अध्यक्ष ललित सेठिया, साधुमार्गी जैन संघ अशोक नाहर व पूर्व अध्यक्ष बसंती लाल चंडालिया सहित महावीर जैन मंडल के अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष नवरतन पटवारी जैन रघुवीर जैन, नरेंद्र नाहर,रोशन लाल मेहता, गंभीर सिंह सिसोदिया,डॉ आर एल मारु,बसंत कुमार कुकड़ा, रतन लाल भड़कतिया, गौतम लाल पोखरना, हंसराज अब्बानी, महेंद्र टोंग्या,नरेंद्र चोरड़िया, कमल जैन, पूर्व महामंत्री डा नेमीचंद अग्रवाल मनसुख पटवारी,विमल सरुपरिया, अशोक चंडालिया हस्ती मल चंडालियाआदि से व्यक्तिगत मुलाकात कर नवीन कार्यकारिणी गठन, महावीर युवा संगठन, महिला मंडल व नवयुवक मंडल की सक्रियता, संस्था पंजीयन, धार्मिक आयोजन,परिवारों को सूचीयुक्त स्मारिका प्रकाशन सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयो पर चर्चा की। डा सेठिया के अनुसार नवीन। पदाधिकारियो, कार्यकारिणी सदस्य परामर्श मंडल व विशेष आमंत्रित सदस्यो की शीघ्र घोषणा की जाएगी तथा उपनगरीय क्षेत्रों में संगठन की मजबूती के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net
फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

---

बाल विवाह के विरुद्ध चेतना के लिए निकली विशेष बारात

## बाल विवाह से प्रभावित होता है विकास-शिक्षा मंत्री



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा जैसे अबूझ सावों के अवसर पर होने वाले बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता के लिए सोमवार को विशेष बारात निकाली गई। इसमें छोटे-छोटे बच्चों को दूल्हे-दुल्हन के रूप में तैयार किया गया तथा बारातियों ने हाथों में तख्तियां लेकर बाल विवाह से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। लोक कलाकार गोपाल बिस्सा के नेतृत्व में यह बारात गांधी पार्क से रवाना हुई तथा जूनागढ़ के पास पहुंची। उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्षों से बाल विवाह के विरुद्ध चेतना के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

जूनागढ़ के पास बारात के समापन स्थल पर शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला तथा जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। इससे बालकों और समाज का विकास प्रभावित होता है। इसके मद्देनजर हमें बाल विवाह के विरुद्ध कड़े कदम उठाने चाहिए तथा इसके कानूनी प्रावधानों से आमजन को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता की ऐसी गतिविधियां सतत रूप से आयोजित की जाएं।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी रखी जा रही है। फिर भी समाज को इस कुप्रथा को रोकने के लिए आगे आना होगा। किसी भी स्थान पर बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत प्रशासन को सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह में किसी भी प्रकार से भागीदारी निभाने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इस दौरान गोविंद नारायण पुरोहित, बंशी किराडू, श्रीकुंज बिस्सा, भावना पुरोहित तथा अनुश्री रोहित ने भागीदारी निभाई।

---

## 'भगवान का है कण-कण में वास, पहचानेगी वो ही आँख जिसका मन से है विश्वास'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुरवाटी।** बामलास धाम के महंत बाबा लक्ष्मणदास के सानिध्य में चंवरा की हीरवाना श्री कृष्ण गौ शाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास रामानंद महाराज ऋषिकेश ने कृष्ण बाल लीलाओं में पूतना वध, कृष्ण नामकरण संस्कार, माखन चोर, गौ चारण और कालिया मर्दन आदि लीलाओं भाव पूर्ण सुनाया। गोवर्धन पूजन में भगवान कृष्ण को लगाया छप्पन भोग का भोग। भोग 56 में 'आओ बेगा आओ, सांवरिया भोग लगाओ, छप्पन भोग तैयार जी' आदि भजनों से गायक पंडित कैलाश सारस्वत ने श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। कथा व्यास रामानंद ने कहा भगवान कृष्ण ने गौ माता की सेवा को बहुत उत्तम माना है। उन्होंने कहा भगवान का कण-कण में है वास, उन्हें पहचान ने वाली आँख की आवश्यकता है। नर को नारायण मानते हुए प्रत्येक मनुष्य को मानव-मानव की मनोभाव से सेवा करनी चाहिए। विश्वनाथ शर्मा व उनकी पत्नी गोरसिया ने भगतों प्रसाद वितरित किया। रात को नानी बाईरो मायरो कथा में महाराज कथा व्यास ने भगत चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा नरसी भगत को भगवान दिल खोल कर धन दिया और नरसी भगत ने क्या किया, 12 महीनों में 56 करोड़ की सारी माया को दिल खोल साधु-संतों व दीन-दुंखियों की सेवा में स्वाहा कर दिया । इस तरह माया का मोह त्याग नरसी भगत ने तनम्य हो कर भगवान की भक्ति की और भगत पर मुसीबत टूट पड़ने पर क्षय हुए धन का कई गुना धन, भगवान वापस लौटा देता है। श्रोताओं में राम मोहन त्यागी नैमिषारण्य धाम उत्तर प्रदेश, शंकरदास वनखंडी लोहार्गल धाम, रघुनाथदास मोरिंडा धाम, किशनदास झाड़ीवाले, आचार्य विपुल, कर्नल कुलदीप सिंह शेखावत पौंख, गायकार विकास शर्मा समेत कई महिला-पुरूष थे ।

## हर्षोल्लास से मनाई मीठी ईद, घोड़ी पर सवार हो ईदगाह पहुंचे काजी

**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** उपखंड क्षेत्र में व आस-पास के गांवों में मंगलवार को हर्षोल्लास से ईदुल फितर ( मीठी ईद) मनाई गई। कस्बे में शहर काजी गुलाम रसूल ने सुबह साढे 8 बजे ईदगाह मस्जिद में नमाज अता कराई । इसके बाद खुतबा पढ कर देश-प्रदेश में अमन-चैन की दुआ मांगी । इससे पहले शहर काजी गुलाम रसूल दरवाजा शहर काजियान से घोड़ी पर सवार हो कर ढोल-ताशों के जुलूस के साथ ईदगाह तक पहुंचे । रास्ते में लोगों ने हाथ उठा कर शहर काजी का स्वागत किया। नमाज अता करने के बाद ईदगाह के बाहर जमा हुए लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी । मुबारकबाद देने वालों में राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा, नगर पालिकाध्यक्ष रामनिवास सैनी, सीआई भंवरलाल कुमावत, अंजू खान, अब्दुल अजीज कच्छावा, बल्लाराम सैनी, दौलतराम सैनी, माहिर खान आदि समेत कई लोग थे। नगर पालिका प्रशासन ने तेज गर्मी को देखते हुए ईदगाह परिसर में धूप से बचाव के लिए टेंट और ठंडी हवा के लिए छह कूलर लगा नमाजियों को राहत प्रदान की और साथ ही सरकार के प्रचंड धूप से बचाव के अभियान का मूक संदेश दिया और ईदगाह के बाहर शीतल पेयजल का पूरा इतंजाम किय । घरों में इस मौके पर सेवइयां, शीर-खुर्रमा आदि बनाए और आने वाले मेहमानों को परोसे। मंडावरा ग्राम में काजी गुलाम मुर्तेजा ने नमाज अता करवाई और इसके बाद खुतबा पढ कर वतन के लिए अमन-चैन की दुआ मांगी।

---

बिहार में लागू होगा मध्य प्रदेश का माडल


# गाय पालने पर सरकार देगी ₹10800

**केंद्र सरकार की ओर से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सरकार की ओर से सहायता प्रदान की जाएगी। तो वहीं बिहार में भी इसको लेकर सरकारी प्लान बनाए जा रहे हैं।**

### बिहार के 33 जिलों में केवल 86 सरकारी गोशालाएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश में खेती की लागत को कम करने एवं रासायनिक खेती से हो रहे नुकसान को कम करने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। तो वहीं अब मध्य प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी देसी गायों को संरक्षण दिया जाएगा। अभी बिहार सरकार मध्य प्रदेश माडल का अध्ययन करा रही है। सारे तथ्यों पर विचार के बाद गायों के संरक्षण का कोई आदर्श माडल अपनाया जाएगा। यानी की अगर



आप भी गौपालक या फिर गौ पालने की इच्छा रखते हैं तो यह खबर आपको खुश कर देगी। बिहार में गायों के संरक्षण के लिए गोशालाओं के साथ निजी गोपालकों को भी प्रोत्साहित करने की तैयारी है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री व पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने प्रदेश की सभी गोशालाओं के अध्यक्षों और सचिवों की बैठक बुलाई है।

बिहार में गोवंश के संरक्षण-संवर्धन के लिए आत्मनिर्भर बिहार सात निश्चय के तहत कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। पशु विज्ञान विश्वविद्यालय गोवंश विकास संस्थान की स्थापना की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं बात करें बिहार में सरकारी गोशालाओं की तो अभी 33 जिलों में केवल 86 सरकारी गोशालाएं मौजूद हैं। इन सभी गोशालाओं का सरकार ने विस्तृत ब्यौरा मांगा है। इसके साथ ही गोशालाओं की भूमि, उसकी स्थिति और पशुओं की संख्या आदि की जानकारी मांगी गई है। आपको बता दें कैमूर, अरवल, बांका, शिवहर और पूर्णिया जिले में अभी एक भी सरकारी गोशाला नहीं है। तो वहीं तारकिशोर प्रसाद का कहना है कि ज्यादा दूध लेने की होड़ में देसी गायें उपेक्षित हो रही हैं। उनका संरक्षण-संवर्धन के लिए बंद गोशालाओं को शुरू कराने और जरूरत के अनुसार नई गोशाला बनाना जरूरी है। इसके साथ ही डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार सीमांचल इलाके में गोवंश की तस्करी हर हाल में रोकेगी।



## यूरोप यात्रा : डेनमार्क में प्रधानमंत्री मोदी बोले

# यूक्रेन में युद्ध तुरंत रुके, बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान निकालें दोनों देश

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोपेनहेगन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यूरोप यात्रा के दूसरे दिन यानी आज डेनमार्क पहुंचे। कोपेनहेगन एयरपोर्ट पर PM मेटे फ्रेडरिकसन ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी पीएम फ्रेडरिकसन के आवास पहुंचे। PM मोदी ने प्रधानमंत्री फ्रेडरिकसन के साथ ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप और द्विपक्षीय संबंध जैसे मुद्दों पर डेलिगेशन लेवल की मीटिंग की। इसके बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग को रोके जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेनिश पीएम के साथ बैठक में उन्होंने इस युद्ध के मसले पर भी चर्चा की और दोनों देशों का यही मानना है कि रूस और यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान करना चाहिए। बर्लिन से निकलने से पहले PM मोदी ने भारतीय समुदाय से मुलाकात की। उन्होंने न सिर्फ लोगों को ऑटोग्राफ दिए, बल्कि हाथ जोड़कर उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया। जाते-जाते लोगों ने उन्हें कहा- वी लव यू सर।

### डेनमार्क में इंडो-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

प्रधानमंत्री कार्यालय ने प्रेस रिलीज जारी कर PM मोदी के डेनमार्क दौरे के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। पीएम मोदी भारत-डेनमार्क राउंडटेबल मीटिंग में हिस्सा लेंगे और डेनमार्क में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन के साथ मीटिंग के अलावा PM मोदी दूसरे इंडो-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इस शिखर सम्मेलन में डेनमार्क के अलावा फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं।



### बच्चे के साथ मस्ती

**समाचार** एजेंसी एएनआई ने पीएम मोदी के जर्मनी दौरे का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें पीएम मोदी एक बच्चे के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। जैसे ही पीएम वहां लोगों के बीच पहुंचे, नारे लगने लगे- मोदी जी हमारी जान है, भारत की शान हैं। नारों के बीच पीएम लोगों के बीच पहुंचे और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और एक बच्चे के साथ मस्ती करते दिखे।

### भारत-जर्मनी के बीच ग्रीन एनर्जी पर अहम समझौता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते रोज जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से मिले। इसके बाद दोनों नेता डेलिगेशन लेवल मीटिंग में शामिल हुए। इसमें भारत-जर्मनी के बीच ग्रीन एनर्जी पर अहम समझौता हुआ। पीएम मोदी ने कहा- भारत और जर्मनी मिलकर ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स का गठन करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों देशों के बीच सतत विकास को लेकर एग्रीमेंट हुआ है, जिसके तहत भारत को साल 2030 तक क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए 10.5 अरब डॉलर की आर्थिक मदद मिलेगी।

### समिट में आर्थिक सुधार और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर फोकस

**इस** इंडो-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में आर्थिक सुधार, जलवायु परिवर्तन, इनोवेशन, टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी और आर्कटिक क्षेत्र में भारत-नॉर्डिक सहयोग जैसे विषयों पर फोकस किया जाएगा। इसके अलावा PM मोदी फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन के स्टेटहेड से भी मुलाकात करेंगे। नॉर्डिक देश भारत के लिए सस्टेनेबिलिटी, रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटलीकरण और इनोवेशन में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। पीएम मोदी डेनमार्क की 3 और 4 मई की विजिट के बाद लौटते वक्त फ्रांस भी जाएंगे। यहां पर वो पेरिस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को दोबारा जीत की बधाई देंगे।

# यूपी सीएम आदित्यनाथ भतीजे के मुंडन संस्कार में होंगे शामिल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**यमकेश्वर।** दो साल पहले पिता के निधन के चलते शोक में डूबे सीएम योगी आदित्यनाथ के परिवार के लिए मंगलवार और बुधवार का दिन दोहरी खुशी का साबित हुआ। एक तरफ योगी के सबसे छोटे भाई महेंद्र सिंह बिष्ट के बेटे का मुंडन संस्कार हो रहा है, वहीं देश के सबसे बड़े सूबे का सीएम बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने पहली रात घर में बिताई है। योगी परिवार में सबसे छोटे भाई महेंद्र योगी द्वारा स्थापित महायोगी गुरु गोरक्षनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में कार्यरत हैं। महेंद्र के पुत्र अनंत के मुंडन संस्कार के लिए ही योगी आदित्यनाथ अपने गांव आए हैं। शाम साढ़े 5 बजे बिथ्याणी डिग्री कॉलेज में समारोह के बाद वो करीब एक किमी दूर स्थित अपने घर पहुचें। बिथ्याणी से गांव जाते समय योगी कुछ देर ठांगर प्राइमरी स्कूल में भी रुके। यहां से योगी कच्ची सड़क से ही अपने घर तक पहुंचे। योगी शाम को न्यूतेर समारोह में शामिल हुए, इस दौरान उन्होंने सभी रिश्तेदारों और परिचितों से बात की। रात को बिष्ट परिवार के आंगन में ढोल दमौ की गूंज रही। आज बुधवार को बच्चे के बाल लिए जाने के बाद गांव वालों के लिए भोज का आयोजन किया गया है। जिसमें योगी भी शामिल होंगे।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करेंः-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com



Also Available at
SARVAM MART, DMart, METRO Cash & Carry, Reliance SMART, Reliance fresh, AADHAAR WHOLESALE CENTRE, NR Mart, Jio Mart, udaan, Flipkart, available at amazon, DealShare.in
For Trade Enquiries Call
Vithal Agarwal 8890330330
Pradeep Pareek 9530007111
Visti us at : www.shyamspices.co.in
Email: vithal@shyamspices.co.in

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### कर्नाटक मंत्रिमंडल में फेरबदल अगले दो दिनों में संभव- येदियुरप्पा

**बेंगलुरू @ जागरूक जनता।** वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई को हटाये जाने संबंधी मीडिया की अटकलों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि अगले दो दिनों में प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, "मुझे लगता है कि अमित शाह कुछ फैसलों को ध्यान में रखकर राज्य के दौरे पर आए हैं। संभावना है कि अगले दो दिनों में कैबिनेट में फेरबदल किये जायेंगे। मुख्यमंत्री को बदलने संबंधी खबरें महज अफवाहें हैं।"

### उदयपुर स्थापना दिवस पर महाराणा उदयसिंह की प्रतिमा का अभिषेक



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** आखा तीज पर मंगलवार को उदयपुर शहर का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से आयोजन हुए और उदयपुर के संस्थापक महाराणा उदयसिंह की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। लोकजन सेवा संस्थान की ओर से उदयपुर स्थापना के कार्यक्रम के अन्तर्गत सुबह 8 बजे महाराणा उदयसिंह प्रतिमा स्थल उदियापोल पर साफ सफाई कर प्रतिमा को पंचगव्य दूध, दही, मिश्र, गंगाजल, इतर आदि से स्नान करा पांच ब्राह्मणों के मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की गई। संस्थापक महासचिव जय किशन चौबे ने बताया कि संस्था के मुख्य संरक्षक लेफ्टिनेंट जनरल एन.के. सिंह राठौड़, इतिहास कार प्रो. जी.एल. मेनारिया, डॉ. राजेन्द्र नाथ पुरोहित, संस्था के अध्यक्ष प्रो. विमल शर्मा, उपाध्यक्ष इन्दरसिंह राणावत के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम में जून के प्रथम सप्ताह में 'उदयपुर अतीत, वर्तमान और भविष्य: एक विमर्श' विषयक गोष्ठी के आयोजन की घोषणा की गई। स्कूलों के नये सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रपति ने रखी भगवान महावीर अस्पताल की आधारशिला

# अभी भी कोविड मानकों का पालन जरूरी है-कोविंद



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है इसलिए कोविड मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।

कोविंद ने यहां बाहरी दिल्ली में भगवान महावीर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने सभी नागरिकों से सतर्क रहने और सरकार के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि हम जानते हैं कि आधुनिक इतिहास में सर्जिकल मास्क की शुरुआत वर्ष 1897 से हुई जब सर्जनों ने ऑपरेशन के दौरान बैक्टीरिया से खुद को बचाने के लिए मास्क का उपयोग करना शुरू किया। लेकिन जैन संतों ने सदियों पहले मास्क के महत्व को समझा। उन्होंने अपने मुंह और नाक को ढककर, वे शरीर में सूक्ष्म जीवों के प्रवेश को रोकते में थे। उन्होंने कहा कि जैन संतों ने शारीरिक व्यायाम के महत्व को रेखांकित करने के लिए पैदल चलने पर बहुत जोर दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जैन परंपरा हमें संतुलित और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाना सिखाती है। वर्तमान समय में रहन-सहन और खान-पान प्रकृति के अनुकूल नहीं है। हम जानते हैं कि जैन संत और उनके अनुशासित अनुयायी अपना भोजन सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच ही करते हैं। सूर्य की दैनिक गति के अनुसार जीवन शैली अपनाना स्वस्थ रहने का एक आसान तरीका है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के साथ ऐसी वैज्ञानिक परंपराओं का एकीकरण स्वस्थ जीवन के लिए सहायक होगा। वर्ष 2023 तक 250 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

रसोइए के बच्चों की शादी में पेश की मिशाल

## पुलिस ने भरा 1.21 लाख का मायरा

**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** नोख गांव के कुम्हारों का बास में मंगलवार को आयोजित एक शादी समारोह के दौरान जब बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी कई वाहनों में सवार होकर पहुंचे तो एकबारगी कौतूहल का विषय हो गया। पुलिसकर्मी वाहन से उतरते समय हाथों में कपड़े, सामान से सजी थालियां लिए हुए दिखे और थाने के रसोइए के बच्ची की शादी में मायरा भरकर एक मिशाल पेश की। जिसकी क्षेत्र में हर कोई प्रशंसा करता नजर आया। जैसलमेर, जोधपुर व बीकानेर तीन जिलों की त्रिवेणी पर स्थित नोख गांव के पुलिस थाने में कार्यरत रसोइए की बच्ची की शादी में पुलिस थाने के कर्मचारियों ने मायरा भरकर एक नजीर पेश की है। गौरतलब है कि पुलिस थाने में गत चार वर्षों से कुम्हारों का बास निवासी रामचंद्र कुम्हार रसोइए के रूप में काम करता है। मंगलवार को उसके बच्चों की शादी थी।

# पंजाब की धरती पर सब कुछ बीजा जा सकता है सिवाय नफरत के-मान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**मलेरकोटला।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अमन शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे समाज विरोधी तत्वों को चेतावनी देते हुये मंगलवार को कहा कि प्रदेश की उपजाऊ धरती पर कुछ भी बीजा जा सकता है लेकिन नफरत के बीज नहीं।

मान ने कहा कि लोगों में मजबूत आपसी भाईचारे को कमजोर करने की नापाक कोशिशों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा । ईद के मौके पर आज स्थानीय ईदगाह में नमाज अदा करने के समय शिरकत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुये श्री मान ने कहा कि ईद एक ऐसा त्योहार है जो दूसरों के दुख सुख का अहसास करवाता है और यह त्योहार भाईचारक सांझ ,शांति और सदभावना का प्रतीक है।

जिले के चहुंमुखी विकास को यकीनी बनाने का ऐलान करते हुये उन्होंने कहा कि नये जिले में कुछ जरूरी बुनियादी विकास के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी । पिछली सरकार ने मलेरकोटला को सिर्फ जिले का दर्जा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी लेकिन सही मायने में जिला बनाने के लिये अभी बहुत कुछ करना बाकी है। जिले में शिक्षा तथा स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विकास को तरजीत दी जायेगी ।

स्थानीय विधायक मुहम्मद जमील उर्र रहमान की मांगों को पूरा करने का भरोसा देते हुये कहा कि इस ऐतिहासिक शहर को विकास कार्य पूरे होने तक फंडों की कमी नहीं आने दी जायेगी । प्रदेश के लोगों ने आप सरकार के 46 दिनों में नौजवानों के लिये रोजगार के मौके पैदा करने के साथ साफ सुधरा पारदर्शी प्रशासन मुहैया कराने के लिये उनकी सरकार की पहलकदमियों को देखा है। इस दौरान भ्रष्टाचार पर नकेल कसी गई है तथा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों से मुकत कराने के लिये मुहिम चलायी गई है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि आप सरकार को कुछ और समय दें । सरकारी लोगों से किये सभी वादे पूरे करेगी लेकिन जल्दबाजी ठीक नहीं । मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में खाली पड़े 26,454 पद भरने के लिये बड़े स्तर पर भर्ती मुहिम शुरू करने जा रही है। अब पूर्व विधायक को केवल एक ही पेंशन मिला करेगी । सरकार खाली खजाने को भरने के लिये पूरे प्रयास किये जा रहे हैं तथा लोगों की पाई पाई उनके लिये ही खर्च की जायेगी।

पिछली सरकारों की तरफ से अपने राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध झूठे केस दर्ज करने की रिवायत को तोड़ने का भरोसा देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने राज्य के साधनों को बेरहमी से लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि ये लोग कई सालों से राज्य को लूटने के बाद भी संतुष्ट नहीं हैं। अब लोगों की अपनी सरकार है। लुटेरों से ब्याज समेत पैसे वापस लिए जाएंगे।

# सरकारी एजेंसियां करेगी पड़त मदिरा दुकानों का संचालन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वित्तीय वर्ष 2022-23 व 23-24 के लिए मदिरा दुकानों के बंदोबस्त के तहत आबकारी विभाग ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जयपुर शहर जिले में पड़त रही मदिरा दुकानों का संचालन सरकारी एजेंसियों के माध्यम से करवाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को आबकारी आयुक्त श्री प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। जयपुर शहर जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पड़त रही मदिरा दुकानों का संचालन राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरबीसीएल), गंगानगर शुगर मिल्स (जीएसएम) एवं राजस्थान टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आरटीडीसी) के माध्यम से कराया जाएगा। जयपुर शहर जिले की पड़त 97 दुकानों की सूची तैयार कर उक्त एजेंसियों को उपलब्ध करवा दी गई है। मदिरा दुकानों के संचालन के लिए जीएसएम ने 258 कार्मिकों तथा आरबीसीएल ने 60 कार्मिकों का चयन भी कर लिया है। आरटीडीसी ने और अधिक मदिरा दुकानों के संचालन की अनुमति मांगी है। बैठक में संयुक्त सचिव, वित्त (आबकारी), अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन जयपुर एवं आरबीसीएल व जीएसएम के अधिकारी उपस्थित रहे

# देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** पूरे देश में मंगलवार को ईद का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और आपसी भाईचारा बने रहने की दुआ की तथा बाद में एक-दूसरे से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उप-राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं तथा विभिन्न राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और अन्य लोगों ने ईद के मौके पर लोगों को बधाई दी।

राष्ट्रीय राजधानी की जामा मस्जिद और फतेहपुरी मस्जिद, लखनऊ के ईदगाह तथा पूरे देश भर में मस्जिदों में आज सुबह मुसलमान भाइयों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद छोटे-बड़े सब लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। जगह-जगह सुरक्षा बलों के जवान भी तैनात किये गये थे। कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए लोग एहतियात भी बरत रहे थे तथा कोरोना दिशा-निर्देशों का पालन भी कर रहे थे। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी कोरोना नियमों का पालन करते हुए ईद मनायी गयी। कोविंद ने ईद-उल-फित्र के अवसर पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस मुबारक मौके पर हम सब मानवता की सेवा तथा जरूरतमंदों का जीवन संवारने का संकल्प लें। उन्होंने ट्वीट कर कहा, सभी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाइयों-बहनों को ईद मुबारक! आइए, इस पवित्र अवसर पर, हम सब, स्वयं को मानवता की सेवा तथा जरूरतमंदों के जीवन को संवारने का संकल्प लें। नायडू ने मुसलमानों के पवित्र त्योहार ईद उल फित्र के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनायें दीं और लोगों के जीवन में सौहार्द, शांति तथा सद्भावना की कामना की है। उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि यह त्योहार उदारता की भावना को सुदृढ़ करेगा और लोगों को एक-दूसरे के करीब लाएगा तथा उनको मित्रता, भाईचारे, प्रेम और आपसी सम्मान के सूत्र से जोड़ेगा। मैं कामना करता हूं कि ईद-उल-फित्र के इस त्योहार से जुड़े पवित्र एवं महान आदर्शों से हमारे जीवन में शांति, सौहार्द और उल्लास आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ईद-उल-फित्र की शुभकामना दी हैं और लोगों में भाईचारा और एकता की भावना के विस्तार की कामना की है। इस समय यूरोप की यात्रा कर रहे मोदी ने ट्विटर पर ईद के बधाई संदेश में कहा, ईद-उल-फित्र की शुभकामना। मैं कामना करता हूं कि इस पवित्र अवसर पर हमारे समाज में एकता और भाईचारे की भावना बढ़े। लोग स्वस्थ और समृद्ध रहें।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देशवासियों को मंगलवार को ईद की शुभकामनाएं दी। ईद पर मुबारकबाद देते हुए उन्होंने कहा, ईद मुबारक! उम्मीद है यह पावन पर्व प्रेम की भावना का संचार करेगा और हम सबमें परस्पर भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करेगा। मीठी ईद। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और ताजनगरी आगरा समेत समूचे प्रदेश में ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लाखों लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और आपसी भाईचारा बने रहने की दुआ की और एक दूसरे को गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। लखनऊ में टीले वाली मस्जिद और ईदगाह समेत दो दर्जन से ज्यादा इबादतगाहों पर ईद की नमाज अदा की गयी। ईदगाह में उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे और लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। यहां पर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज अदा कराई। इस दौरान सुरक्षा के खास इंतजाम किये गये थे।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोगों को ईद की बधाई दी। यादव ने मौलाना फज़लुल मन्नान और डॉक्टर कल्बे सिब्तैन नूरी से मिलकर उन्हे ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा वह सज्जाद बाग स्थित मोहम्मद एबाद के घर पहुंचे और उन्हे ईद की मुबारकबाद दी।

आगरा में ताजमहल की शाही मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर ताज परिसर में दो घंटे के लिये प्रवेश निशुल्क था। करीब दो साल बाद यहां ईद की नमाज के लिये इतनी बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुये थे। इस अद्भुत पल को कैमरे में कैद करने वालों में विदेशी सैलानियों की संख्या अधिक रही। इसके अलावा अलीगढ, वाराणसी, प्रयागराज, बुलंदशहर, मेरठ, सहारनपुर और बरेली समेत ज्यादातर इलाके ईद के मुबारक मौके पर गुलजार रहे। राज्य के अधिसंख्य जिलों में इस बार तयशुदा स्थानों पर ईद की नमाज अदा की गयी। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में 7436 ईदगाहों और 19949 मस्जिदों समेत 31 हजार 151 स्थानो पर ईद की नमाज अदा की गयी। इस दौरान अतिसंवेदनशील 2846 नमाज स्थलों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किये गये थे। ईद को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिये 46 कंपनी पीएसी और सात कंपनी सीएपीएफ के अलावा स्थानीय पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद की मुबारकबाद देते हुये कहा कि ईद का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। इस मौके पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

प्रतापगढ़ में सुबह होते ही गाँव के लोग नमाज के लिए नहाकर नये-नये लिबास पहन कर ईदगाह और मस्जिदों के लिए निकल पड़े। इसी क्रम में नगर के भूलियापुर स्थित ईद गाह में भारी संख्या में रोजेदारों ने ईद की नमाज अदा की, इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन बंसल और पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी भूलियापुर ईदगाह पहुंच कर रोजेदारों से गले मिले और ईद की मुबारकबाद दी। दुआ के बाद सलातो-सलाम पढ़ा गया। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने प्रदेशवासियों को ईद उल फित्र के अवसर पर अपनी शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने भी ट्वीट कर कहा, समस्त देशवासियों व ख़ासकर मुस्लिम भाई-बहनों को ईद उल फित्र त्योहार की दिली मुबारकबाद और शुभकामनाएँ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार ने राज्य के लोगों को ईद-उल-फित्र की बधाई दी। ठाकरे ने अपने संदेश में कहा, यह एक ऐसा त्योहार है जो करुणा और परोपकार के महत्व को समझाता है। सामाजिक प्रतिबद्धता का संदेश देने वाला यह पर्व सभी के जीवन में खुशी, संतोष और समृद्धि लाए।

पवार ने कहा, ईद-उल-फित्र सभी के जीवन में खुशी, समृद्धि, उत्साह और अच्छा स्वास्थ्य लाता है। यह समाज में एकता, समानता और भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा, ईद के अवसर पर, आइए वंचित भाइयों की मदद करें और उनके जीवन में खुशियाँ लाएं। आइए इस वर्ष की ईद को एकता, खुशी और उत्साह के साथ मनाएं। दुनिया को मानव कल्याण और विश्व भाईचारे का संदेश दें। प्रेम और भाईचारे का प्रतीक पर्व ईद राजधानी भोपाल समेत संपूर्ण मध्यप्रदेश में परंपरागत हर्ष और उल्लास के साथ मनायी गयी। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इस अवसर पर विशेष नमाज पढ़कर अमन और शांति के लिए भी प्रार्थना की। भोपाल में ईदगाह हिल्स स्थित ईदगाह में हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की विशेष नमाज अदा की। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई और शुभकामनाएं दीं। शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों में भी विशेष नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रिपरिषद के सदस्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने नागरिकों को ईद की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पटेल ने अपने संदेश में लिखा, अमन और भाईचारे के त्योहार ईद उल फित्र पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। चौहान ने अपने संदेश में कहा, आप सभी को ईद उल फित्र की हार्दिक बधाई। आज के पावन अवसर पर यही कामना कि आप सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए। प्रदेश में शांति, सौहार्द और भाईचारा बढ़े। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी नागरिकों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि भारत की अनेकता में एकता ही हमारे देश की शक्ति है। हम सब एक हैं।



## जागरूक खबरें

### नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 350 अग्रबन्धुओं ने ली चिकित्सा सलाह



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति, टोंक एवं श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को श्री अग्रसेन भवन, महेश नगर में महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 350 से अधिक अग्र बन्धुओं ने भाग लिया और शिविर का लाभ विशेषज्ञ डॉक्टरों से चिकित्सा सलाह ली। समाज सेवा समिति प्रचार मंत्री अरविंद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रात: 9.15 बजे अग्रवाल समाज समिति जयपुर महामंत्री जगदीश ताड़ी, समाजसेवी एल.आर गुप्ता, समिति अध्यक्ष आर.डी गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के. के. सिंघल, मुकेश गुप्ता, महामंत्री नीरज अग्रवाल, कैंप संयोजक रामेश्वर प्रसाद गुप्ता आदि सहित समिति और ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों, महिला मंडल एवं युवा मंडल के पदाधिकारियों सहित समाज बन्धुओ ने भाग लिया।

#### इन डॉक्टरों ने दी सेवाएं*

**डॉ** सी.एम अग्रवाल फिजिशियन, डॉ संजय सिंघल जनरल सर्जन, डॉ एस.पी गुप्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ तरुण ओझा कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ, डॉ एच.एल गुप्ता मूत्र एवं किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ मनोज शर्मा प्रसूति, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं योग व नेच्युरोपैथी डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी।

#### शिविर में इन बीमारियों की हुई जांच

**अध्यक्ष** आर.डी गुप्ता ने बताया कि शिविर के दौरान मधुमेह (डायबीटीज), गठिया, मिर्गी, लकवा, पीलिया, मलेरिया, डेंगू बुखार, उल्टी दस्त, एनीमिया, बुखार, खांसी-जुकाम, शरीर मे दर्द, पित्ताशय की पथरी, अपेंडिक्स, हर्निया, अंडकोष की सूजन, बवासीर, गांठ, हड्डियों से सम्बंधित समस्याएं, कान, नाक, गला एवं दांतो से सम्बंधित समस्याएं, मूत्र एवं किडनी से सम्बंधित 100 से अधिक बीमारियों की जांचे की गई और उपयुक्त इलाज बताया गया साथ ही बीपी, डायबिटीज की भी जांच की गई।

### आर्म्ड फ़ोर्स ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करवाने पर नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल का जताया आभार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** आर्म्ड फ़ोर्स ट्रिब्यूनल जयपुर में पिछले 6 वर्षों से रिक्त चल रहे स्थायी न्यायिक सदस्य की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के जयपुर आवास पर आर्म्ड फ़ोर्स ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट ओमप्रकाश श्योराण, अध्यक्ष एसबी सिंह (रिटायर्ड कर्नल), गौरव सैनानी विकास संस्थान के अध्यक्ष गोपाल चौधरी, सैनिक मामलों के एक्सपर्ट अरुण ढाका ने बुकें भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। देश भर में पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, शहीद आश्रितों को पेंशन, सेवा नियमों, वेतन- भत्ते सहित अनेक समस्याओं के समाधान हेतु बने आर्म्ड फ़ोर्स ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य के खाली चल रहे पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। गौरतलब है कि भूतपूर्व सैनिक परिवारों ने सांसद हनुमान बेनीवाल को राजस्थान में सैनिकों की समस्या हल करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा था, उसके बाद बेनीवाल ने लोकसभा में भी मामला उठाया था, इसके साथ ही रक्षामंत्री राजनाथसिंह से मिलकर एएफटी जयपुर में न्यायिक सदस्य की जल्द से जल्द नियुक्ति करने का निवेदन किया था। अब न्यायिक सदस्य की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने से भूतपूर्व सैनिकों को न्याय मिलने की आस जगी है।

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर 311 यूनिट हुआ रक्तदान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एवम न्यू नर्सेज भर्ती संघर्ष समिति ने सवाई मानसिंह हॉस्पिटल सभागार में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि परसादी लाल मीना चिकित्सा स्वास्थ्य एवं आबकारी मंत्री और विशिष्ट अतिथि डॉ सुभाष गर्ग आयुर्वेद एवम तकनीकी शिक्षा मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। चिकित्सा मंत्री ने कोरोना में नर्सेज के कार्य की तारीफ की तथा मंत्री सुभाष गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए कार्य मील का पत्थर साबित होंगे नर्सेज कर्मचारियों ने 311 यूनिट रक्त एवं 1 यूनिट एसडीपी डोनेट की प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम मीणा एवं अध्यक्ष सोमसिंह ने बताया की मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर एक सप्ताह तक जिलेवार लगातार रहेगा। जिसमें 1100 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी नर्सेज ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट कियाऔर विश्वास दिलाया की मुख्यमंत्री की निरोगी राजस्थान की परिकल्पना को साकार करेंगे। रक्तदान शिविर के आयोजन समिति में प्रदेश संयोजक अशोक सपोटरा सियाराम डोडवानी प्रदेश संयोजक पवन जादौन अध्यक्ष सोमसिंह मीणा महेश यादव योगेश पटेल अशोक शर्मा घनश्याम मोहनपुरिया एवं सवाई मानसिंह चिकित्सालय के सभी नर्सेज उपस्थित रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# सिरोही स्थापना दिवस महोत्सव के अंतिम दिन रात्रि को हुआ विराट कवि सम्मेलन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**सिरोही।** दशहरा मैदान पर सिरोही शहर के 598 वें स्थापना दिवस पर आयोजित प्रथम सिरोही महोत्सव के अंतिम दिवस पर रात्रि को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। सिरोही स्थापना दिवस पर आयोजित कवि सम्मेलन शहर वासियों द्वारा बहुत ही सराहा गया एवं रात सवा दो बजे तक चला और जनता ने सभी कवियों को पूरी तन्मयता से सुना व इसमें सिरोही के धरती पुत्र कवि शैलेश लोढा ने पहले जीवन कैसे जीया' जाता था उसका विस्तार से वर्णन कविता के माध्यम से सुनाकर सबकी पुरानी यादों को ताजा कर जनता के दिल को जीत कर खूब खूब तालियां बटोरी व प्यार पाया। सिरोही धरती को नमन करते हुए उन्होने पूरे मन से लम्बे समय तक कविता सुनाई और उन सभी को याद व नमन करते हुए कहा कि आज जो भी वो है वो उन सबकी बदौलत ही है और वे सिरोही की भाषा व सँस्कृति को कभी भी भूल नही सकते क्योंकि इसी ने सब कुछ दिया और उन्होंने माँ सरस्वती धाम अजारी व सती माता जी को वंदन करते हुए कहा कि वे इन दोनों जगह जब भी मौका आता है तो जरूर आते है दर्शन करते है।

कवि शैलेष लोढा ने सिरोही में बिताये अपने बचपन को काव्य के रूप में स्थानीय भाषा में प्रस्तुत कर कहा कि हमारी स्थानीय बोली का अपना एक मजा हैं। दुनियां में हजारो भाषाएं है। भारत की सभी प्रादेशिक भाषाओं का जिक्र कर सबकी प्रशंसा की एवं आजकल की मांओं से आह्वान किया कि आप अपने बच्चे को भले ही अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में भेजे कोई गलत नहीं हैं। आपका बच्चा एक क्या दस भाषाएं सीखे कोई गम नही है लेकिन अपनी मारवाडी भाषा को कभी भूलना मत और न अपनी संतान को भूलने देना। उन्होंने बताया कि गांव में जब एक बुजुर्ग का देहान्त होता है तो एक व्यक्ति नहीं एक धोती कम होती है ठीक वैसे ही यदि आप अपनी मातृभाषा छोडकर अन्य भाषा में ही बातें करेंगे तो अपनी भाषा धीरे धीरे लुप्त हो जायेगी। उन्होंने सिरोही की स्थानीय बोली की अन्य भाषाओं से तुलना कर उपस्थित जन समुदाय को बहुत गुदगुदाया।

कवि सम्मेलन व सिरोही स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सभी आयोजनों के लिए कलक्टर डॉ भंवर लाल व उनकी टीम एवं जमीन से जुड़े विधायक संयम लोढ़ा को बधाई दी और कहा कि हम कोविड की विभीषिका को देख चुके है। हमारी आंखों ने वो मंजर देखे है जिनका जिक्र करने पर भी आंखे भर आती है। लेकिन सिरोही विधायक संयम लोढा की पहल पर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस सिरोही महोत्सव ने हम सबको कोरोना के बाद पहली बार इतनी बडी तादाद में मिलने व खुशियां मनाने का मौका दिया है। इसके लिए कवियों ने स्थानीय विधायक व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस कवि सम्मेलन में कवयित्री भुवन मोहिनी ने कवि सममेलन की शुरूआत स्वर की देवी मां सरस्वती की वन्दना से की। कवि संजय झाला ने कवि शब्द का व्याख्या की एवं हास्य रस के माध्यम से बताया कि कवि कितने प्रकार के होते है। उन्होंने अनेक कविताएं सुनाई साथ ही मंच संचालन भी किया। कवि अशोक चारण देश भक्ति से ओतप्रोत भारत के तिरगे पर अपनी कविता प्रस्तुत कर उपस्थित जन समुदाय में जोश भर दिया। चुडियों के शहर फिरोजाबाद से आये कवि हाशिम फिरोजाबादी ने गंगा जमुनी तहजीब पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर समाज में सामाजिक सौहार्द्र के साथ जीने का संदेश दिया, प्रार्थ नवीन ने भी व्यंग्य प्रस्तुत कर सिरोही की जनता को बहुत गुदगुदाया। कवयित्री भुवन मोहिनी ने शैलेष लोढा के आग्रह पर एक बार फिर कविता पाठ किया और श्रृंगार रस की सुन्दर रचनाओ से प्रेम को समझायां।

इस अवसर पर विधायक संयम लोढा ने कहा कि अत्यन्त हर्ष का विषय है कि सिरोही शहर का पहली बार स्थापना दिवस मनाया गया। उन्होंने युवाओं का आव्हान किया कि वे शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को सहेज कर रखें एवं इनके संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहें।

# ऑनलाइन रिश्ते-फरिश्ते साहित्यिक महोत्सव आयोजित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**लुधियाना।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा रिश्तों के महत्व, विशेषता तथा उपयोगिता का अहसास लोगों को करवाने के उद्देश्य से ऑनलाइन रिश्ते-फरिश्ते साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका विषय रिश्तों का अटूट बंधन रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने दिए गए विषय पर आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन रिश्ते-फरिश्ते साहित्यिक महोत्सव की शोभा में चार चाँद लगा दिए और ऑनलाइन रिश्ते-फरिश्ते साहित्यिक महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

महोत्सव में कुसुम अशोक सुराणा (मुंबई, महाराष्ट्र), सुनीता सोलंकी मीना (मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश), प्राप्ति सिंह (हैदराबाद, तेलंगाना) द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं ने समूह का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन पुनीत रिश्ते स्नेही सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने लोगों को रिश्तों की महत्वता समझाते हुए प्रत्येक रिश्ते का आदर करने और रिश्तों से जुड़े दायित्वों को मन से निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया और सम्मान पाने वाले सभी प्रतिभागी रचनाकारों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया।

महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम सुनीता सोलंकी मीना, कुसुम अशोक सुराणा, चंचल जैन, निरूपमा बिस्सा, रश्मि पोखरियाल मृदुलिका, प्राप्ति सिंह, संध्या रामप्रीत रचनाकारों के रहे।

**गंगा-जमुनी संस्कृति को बताया शहर की बड़ी विशेषता**

# ऊर्जा मंत्री ने उड़ाई पतंग



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net


**जयपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर मंगलवार को भी शहर में जमकर पतंगबाजी हुई। लोग लगातार दूसरे दिन अपनी छतों पर रहे और पतंगें उड़ाकर बीकानेर की पुरातन परंपरा का निर्वहन किया। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने अपने आवास पर परिजनों, जनप्रतिनिधियों और स्टॉफ सदस्यों के साथ पतंगबाजी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीकानेर के लोग तीज, त्यौहार और उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। यहां की गंगा-जमुनी संस्कृति और एक-दूसरे के सुख-दुःख के भागीदार बनने की विशेषता इस शहर को विशिष्ट पहचान दिलाती है। उन्होंने कहा कि बीकानेर ने 534 वर्ष के इतिहास में सफलता के अनेक सोपान तय किए हैं। विकास की इस गति को बरकरार रखा जाएगा। उन्होंने जिले के निवासियों को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दी।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज www.facebook.com/jagrukjantanews
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता

**माताजी के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ आगाज**

# गाजेबाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, ढब्बावाली माताजी के गूंजे जयकारे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**सांचौर।** हाथीघोड़े व रथ पर सवार लाभार्थी, सिर पर कलश धारण किए बालिकाएं, गाजेबाजे के साथ नृत्य करते युवाओं का नजारा सोमवार को खासरवी गांव में संतों के सानिध्य में ढब्बावाली माताजी के नवनिर्मित मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के आगाज के तहत निकाली शोभायात्रा में देखने को मिला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माताजी के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। खासरवी गांव में नव निर्मित ढब्बावाली माताजी के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम का आगाज सोमवार को हुआ। इस दौरान शोभायात्रा हाथीघोड़े व रथ पर सवार लाभार्थी परिवार,सिर पर कलश धारण किए बालिकाएं, गाजेबाजे के साथ ही मंदिर परिसर से रवाना होकर चार रास्ता, गांव का मुख्य चौहटा, बस स्टैण्ड से पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर विर्सजन हुई। गांव के युवाओं ने शोभायात्रा के दौरान नृत्य किया गया। इस मौके पर श्रम मंत्री सुखराम बिश्नोई ने भी शिरकत की। प्रथम दिवस की नवकारशी लाभार्थी सोनी सरेमल पूनमाजी, सोनी तगराज, भगवानाराम हेडाऊ की तरफ से और शाम की नवकारशी सोनी भूराजी, वनाजी हेडाऊ परिवार हाड़ेचा की ओर से आयोजित की गई।





#### संतों का रहा सान्निध्य

खासरवी गांव में ढब्बावाली माताजी के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर संतों का सान्निध्य रहा। सोमवार को खासरवी महन्त भवानीगिरी महाराज, महन्त कैलाश पुरी हाड़ेचा, महंत संतोषपुरी होथीगांव, महन्त रामगिरी जूनागढ़, महन्त रामचन्द्रगिरी संगरिया चित्तौडगढ़, महन्त देवाराम सरवाणा, महन्त हंसगिरी रतोड़ा, संत सरवाणा, भरतनाथ कमालपुरा, रमनपुरी गोलासन, सांवलगिरी अरणाय, गणेशपुरी भवातड़ा, राणभारती लोटेश्वर, रामगिरी आकोड़ा, कृष्णगिरी सहित संत महात्माओं का सान्निध्य रहा।

#### विविध कार्यक्रम हुए

शोभायात्रा के बाद दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें प्रायचित होम, हिमाद्रि संकल्प, धानियाधिवास, मंडप पूजन, मंडप प्रवेश, गणपतयादि देवता आह्वान, स्थापना पूजन, प्रधान देवता, स्थापना पूजन, शाम पूजन आरती सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य आचार्य पंडित पुरन्दर व्यास व पंडित दिनेश जोशी, तुषार जोशी, कौशिक जोशी सहित 25 पंडितों के सान्निध्य में हवन व मांगलिक कार्य शुरू हुआ।

#### नौ कुण्डी यज्ञ शुरु

खासरवी गांव में ढब्बावाली माताजी के दरबार में नवनिर्मित मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर नौ कुण्डी यज्ञ भी पंडितों की ओर से हवन कुण्ड में आहुति देकर शुरु किया गया। हवन की पांच दिन बाद पूणाहुति होगी।

#### भक्तिमय हो गया खासरवी, भजनों पर झूमे श्रोता

खासरवी में ढब्बावाली माताजी मंदिर की मूर्ति एवं प्राण प्रतिष्ठा के तहत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों से खासरवी भक्तिमय हो गया। सोमवार सुबह शोभायात्रा से शुरू हुए पांच दिवसीय महोत्सव के तहत शाम को श्याम पालीवाल एंड पार्टी ने विभिन्न भजनों से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। देर रात तक भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गई।

**गहलोत सरकार को घेरेगी भाजपा**

# सभी जिलों में होगा प्रदर्शन, गृहमंत्री पद से इस्तीफे की मांग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गहलोत सरकार को घेरने के लिए बीजेपी राजस्थान के सभी जिलों में बड़े प्रदर्शन करेगी। जिसकी शुरूआत 5 मई को अलवर से सरकार के खिलाफ हल्ला बोल के साथ होगी। अलवर में सबसे ज्यादा क्राइम की घटनाएं हो रही हैं। बीजेपी मेवात में हो रही क्राइम की घटनाओं को चुनावी मुद्दे के तौर पर जनता के बीच लेकर जाना चाहती है। अगले साल राजस्थान विधानसभा चुनाव है। इसलिए आंदोलन की शुरूआत के लिए अलवर को चुना गया है। हाल ही में अलवर के राजगढ़ में 300 साल पुराने मंदिर और मकानों में तोड़फोड़ और बुलडोजर चलाने की घटना पर भी बीजेपी और स्थानीय लोगों में गुस्सा है। राजस्थान में बिगड़ी कानून व्यवस्था, साम्प्रदायिक घटनाओं, बहुसंख्यकों के मुद्दों, मंदिरों और मूर्तियों में तोड़फोड़ की घटनाओं, महिला अपराधों जैसे मुद्दों को लेकर बीजेपी आंदोलन के दौरान उठाएगी। सूत्रों के मुताबिक 5 मई को बीजेपी की हुंकार रैली की घोषणा के बाद सरकार ने राजगढ़ में दुकान, मकान टूटने का मुआवजा देने और मौजूदा बदहाली को सही करने के लिए 3 करोड़ रुपए का पैकेज जारी किया है। ताकि मामले को शांत किया जा सके।

#### गहलोत से गृहमंत्री पद से इस्तीफे की मांग

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि 5 मई को बीजेपी अलवर में राजगढ़ की घटना को लेकर बड़ा प्रदर्शन कलेक्ट्रेट पर करेगी। राजेन्द्र राठौड़ ने कहा अब तक गृहमंत्री के तौर पर मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था बनाने में पूरी तरह फेल रहे हैं। 5 तारीख को गृहमंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग को लेकर अलवर से आंदोलन शुरू कर रहे हैं। जिस भी जिले में घटनाएं होंगी, बीजेपी वहां जनता की आवाज बनेगी। बीजेपी प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा मैंने अलवर के राजगढ़ पहुंचकर कांग्रेस की शह पर तोड़े गए मंदिर का मौका मुआयना किया है। ऐसा नजारा तो औरंगजेब के समय में ही हो सकता था। जो अशोक गहलोत के राज में देख भी लिया। ऐतिहासिक 300 साल पुराने मंदिर की मूर्तियों पर ड्रिलिंग मशीन से वार करना हिन्दुओं की आस्था पर कांग्रेस का प्रहार है। इसके खिलाफ बहुसंख्यक समाज चुप नहीं बैठेगा।

#### ये हैं आरोप

बीजेपी ने अलवर जिले में कानून व्यवस्था बिगड़ने के आरोप लगाए हैं। पार्टी ने पॉइंट्स बनाएं हैं जिनमें सांप्रदायिक तनाव और समुदाय विशेष की गुंडागर्दी के आरोप शामिल हैं। मेवात क्षेत्र में मंदिरों को तोड़ने और गौकशी की घटनाएं होने पर बीजेपी आर ोशित है। सरकार बनने की शुरुआत में थानागाजी में दलित महिला से पति के सामने गैंगरेप और उसका वीडियो वायरल होने की घटना, कठूमर में दानदाताओं की गौशाला को बिना नोटिस दिए ध्वस्त करने से सैकड़ों गौवंश बेघर होने की घटनाएं इनमें शामिल हैं। आरोप है कि मेवात इलाका धर्म परिवर्तन और साइबर ₹ ाइम का भी अड्डा बन गया है। बहुसंख्यक समाज के लोग दहशतगर्दी के कारण पलायन को मजबूर हो रहे हैं। अलवर जिले में हरीश जाटव और योगेश जाटव को समुदाय विशेष की भीड़ ने पीट-पीट कर मार दिया,लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। हरीश जाटव के पिता ने भी दुखी होकर आत्महत्या कर ली। लव जिहाद की सबसे ज्यादा घटनाएं अलवर जिले में हुईं। रामगढ़ में एक 17 साल की लड़की का अपहरण कर समुदाय विशेष के व्यक्ति ने उसका धर्म परिवर्तन करवाकर निकाह कर लिया। लड़की के पिता की रिपोर्ट पर भी पुलिस और सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी साल अलवर के बहरोड़ में एक दलित युवती के साथ समुदाय विशेष के दरिंदे ने रेप किया। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और दुःखी युवती ने कुएं में कूदकर जान दे दी। इसी तरह मासूम मूक-बधिर बच्ची के साथ रेप करके उसे गंभीर रूप से घायल कर सरेआम शहर के बीचों-बीच फ्लाईओवर पर अपराधी पटककर चले गए।

#### कांग्रेस समर्थित निर्दलीय पार्षद राजेन्द्र चेयरवाल सभापति

राजगढ़ में मंदिर विवाद के बीच प्रदेश सरकार ने बीजेपी शासित नगर पालिका बोर्ड के सभापति, एक्जिक्यूटिव ऑफिसर और एसडीएम को सस्पेंड कर दिया। उसके बाद सभापति पद पर अपने समर्थन वाले निर्दलीय पार्षद राजेन्द्र चेयरवाल को बैठा दिया। नए सभापति कांग्रेस विधायक जौहरीलाल मीणा के नजदीकी माने जाते हैं। नगर पालिका में कुल 35 पार्षदों में बीजेपी के 14, निर्दलीय 20 और कांग्रेस का 1 है। चुनाव के बाद 2 निर्दलीय कांग्रेस के साथ चले गए और बाकी 18 निर्दलीय पार्षदों के समर्तन से बीजेपी ने अपना बोर्ड बनाया था। लेकिन अब बीजेपी के बहुमत के बावजूद स्थानीय निकाय विभाग ने आदेश जारी करके निर्दलीय पार्षद चेयरवाल को सभापति मनोनीत किया है। जिस पर बीजेपी ने कड़ी नाराजगी जताई है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि बीजेपी के सभापति को साजिश के तहत हटाया गा है। तोड़फोड़ करने का फैसला बोर्ड बैठक में नहीं हुआ था। केवल रास्ता चौड़ा करने का प्रस्ताव पास किया गया था। लेकिन अफसरों ने अपनी मनमर्जी तोड़फोड़ कर दी।




# हर भारतीय 5 विदेशी दोस्तों को भारत दर्शन के लिए भेजे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोपेनहेगन।** तीन दिनों की यूरोप यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डेनमार्क पहुंचे। डेनमार्क की पीएम फ्रेडरिक्सन ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने भारत-डेनमार्क के टॉप बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की। इसके बाद पीएम मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करने बेल्ला सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने सभी भारतीयों का आभार व्यक्त किया और लोगों को चलो भारत का नारा भी दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में रह रहा हर भारतवासी अगर पांच गैर-भारतीयों को घूमने के लिए भारत भेजने का काम करेगा तो भारत दुनिया का सबसे लोकप्रिय डेस्टिनेशन बन जाएगा।

## हमने दुनिया को सस्ती वैक्सीन दी

कल्पना कीजिए कि अगर भारत में हम वैक्सीनेशन को हर परिवार तक नहीं पहुंचा पाते, तो उसका दुनिया पर क्या असर होता? अगर भारत मेड इन इंडिया, सस्ती और प्रभावी वैक्सीन्स पर काम ना करता, बड़े स्केल पर प्रोडक्शन ना करता, तो दुनिया के अनेक देशों की क्या स्थिति होती? आज भारत जो कुछ भी हासिल कर रहा है, वो उपलब्धि सिर्फ भारत की नहीं है, बल्कि वो करीब वन-फिफ्थ ह्यूमेनिटी की उपलब्धि है।

## हम पौधे को परमात्मा और नदी को मां मानने वाले

दुनिया को बेहतर बनाने के लिए भारत औक डेनमार्क की साझेदारी अहम है। भारत-डेनमार्क के संकल्प एक है। दुनिया को तबाह करने में भारत की कोई भूमिका नहीं है। हम तो वो लोग हैं तो पौधे में भी परमात्मा देखते हैं। हम वो लोग हैं जो नदी को मां मानते हैं।

## डेनमार्क भारत के उपनिषद के करीब

डेनमार्क ग्रीन फ्यूचर में हमारा मजबूत साझेदार बन रहा है। हमारे बीच ग्रीन शिपिंग,साइंस टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में साझेदारी है। हाइड्रोकार्बन पर किसानों की निर्भरता कम कर रहा है। डेनमार्क की कंपनियों के पास इसकी क्षमता है। आप अपने डेनमार्क के साथियों को इसके बारे में जरूर बताएं। कोपनहेगन यूनिवर्सिटी में नीलबोर का नाम है। वे खुद की जरूरत के समय भारत के उपनिषद के पास जाते थे। आज नम्रतापूर्वक अपने डेनिस मित्रों से कहना चाहता हूं कि आप अपनी समस्याओं के लिए भारत आएं।

## जो बधाइयां मुझे मिलती हैं, आपको समर्पित करता हूं

अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि आप लोगों ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री जी का और मेरा यहां जो भव्य स्वागत किया, उस के लिए मैं आप सभी का बहुत आभारी हूं। जो भी बधाइयां मुझे मिलती हैं, उन्हें आपको समर्पित करता हूं। आज प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन का यहां होना इस बात का प्रमाण है कि भारतीयों के प्रति उनके दिल में कितना प्यार और सम्मान है।

## मोदी-मोदी के नारे से गूंजा हॉल


पीएम मोदी ने हॉल में मौजूद लोगों से कहा कि यहां कोई पंजाबी, कोई बंगाली, कोई गुजराती, कोई उड़िया और कोई किसी दूसरी भाषा का है। लेकिन भाषा कोई भी हो, लेकिन हम सभी के संस्कार भारतीय ही हैं। इस मौके पर हॉल मोदी-मोदी के नारे से गूंज उठा। उन्होंने आगे कहा- हमारी खाने की थाली बदल जाता है टेस्ट बदल जाता है लेकिन बार बार आग्रह करने का तरीका नहीं बदलता। कुछ लोग तो नमक के लिए भी आग्रह कर देते हैं। हम राष्ट्र निर्माण में एक साथ होते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। वसुदेव कुटुंबकम यानी पूरा विश्व एक। हमारा यह कॉन्सेप्ट हिमालय से भी ऊंचा है।

## भारतीयों की तारीफ दुनिया करती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक भारतीय दुनिया में कहीं भी जाए, वो अपनी कर्म-भूमि और उस देश के लिए पूरी ईमानदारी से कंट्रीब्यूट करता है। अनेक बार जब मेरी विश्व नेताओं से मुलाकात होती है तो वे अपने देशों में बसे भारतीय समुदाय की उपलब्धियों के बारे में मुझे गर्व से बताते हैं।

## डेनमार्क से संबंध बेहद मजबूत

पीएम ने कहा कि- कोरोना के कारण बहुत समय तक सभी की जिंदगी एक तरह से वर्चुअल मोड में ही चल रही थी। पिछले साल जैसे ही आवाजाही मुमकिन हुई तो प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पहली राष्ट्राध्यक्ष थीं जिनका हमें भारत में स्वागत करने का अवसर मिला। ये भारत और डेनमार्क के मजबूत होते संबंधों को दिखाता है। हमारी ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन की व्यक्तिगत प्राथमिकताओं, उनके जीवन मूल्यों से काम करने में भरोसा रखती हैं। आज उनके साथ मेरी जो चर्चा हुई है, उससे दोनों देशों के संबंधों को नई ताकत मिलेगी, नई ऊर्जा मिलेगी। लगभग 75 महीने पहले हमने स्टार्ट अप इंडिया कार्यक्रम शुरु किया था। तब स्टार्ट अप इकोसिस्टम के रूप में हमारी गिनती कहीं नहीं होती थी। आज हम यूनिकॉर्न्स के मामले में दुनिया में नंबर-3 पर हैं। आज स्टार्ट अप्स के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम हिंदुस्तान है। भारत की ताकत जब बढ़ती है तो दुनिया की ताकत बढ़ती है। फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड की भूमिका में भारत ने मुश्किल समय में पूरी दुनिया का साथ दिया है, अनेकों देशों को हमने दवाइयां भेजी हैं।



### पीएम ने दिया चलो इंडिया का नारा

पीएम ने भारतीय समुदाय के बीच 'चलो इंडिया' इनिशिएटिव का नारा दिया। पीएम ने कहा- हमारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। अगर आप मानने वाले हैं तो मैं बताऊं। पीएम ने लोगों की खामोशी पर चुटकी लेते हुए कहा- आप लोगों को देखकर ऐसा लग रहा है कि पक्का कोई मुसीबत आ रहा है। मैं दुनिया में जितने भी देश वासी रह रहे हैं उनसे एक आग्रह करता हूं, आप हर वर्ष 5 गैर भारतीय फ्रेंड्स को भारत देखने के लिए भेजने का काम कर सकते है। अभी से टारगेट कीजिए। आप उन्हें बताएं कि हमारे यहां ये है। इससे हम ताकत बन सकते हैं। पीएम ने चुटिले अंदाज में कहा कि ऐसा मत कहना कि वहां डायरेक्ट फ्लाइट नहीं है। एक जमाने में लोग पैदल भारत देखने आते हैं। हमें फिर से वातावरण बनाना है। दुनिया के लिए एक ही डेस्टीनेशन बन जाएगा इंडिया। ये काम राजदूतों का नहीं आप जैस राष्ट्रदूतों का है। आप ये करेंगे।

## भारत मोबाइल डेटा का सबसे बड़ा कंज्यूमर

5-6 साल पहले हम per capita data consumption के मामले में दुनिया के सबसे पिछड़े देशों में से एक थे। लेकिन आज स्थिति बदल गई है। अनेक बड़े देश मिलकर जितना Per Capita मोबाइल डेटा कंज्यूम करते हैं, उससे ज्यादा हम भारत में करते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि आज जो भी नया यूजर जुड़ रहा है, वो भारत के गांव से है। इसने भारत के गांव और गरीब को तो द्वद्वश्चश्2द्वह्व किया ही है, बहुत बड़े डिजिटल मार्केट का गेट खोल दिया है। ये नए भारत की रियल स्टोरी है।

### जलवायु बचाने का लक्ष्य 9 साल पहले ही पूरा

दुनिया की भलाई को देखते हुए 2070 तक जलवायु बचाने का लक्ष्य बनाया है। 2030 का लक्ष्य हमने 9 साल पहले ही पूरा कर लिया है। भारत में हम सस्ती सोलर ऊर्जा पैदा कर रहे हैं। उसकी कीमत ढाई रुपए प्रति यूनिट से भी कम है। हम उसे दो रुपए तक लाने की कोशिश कर रहे हैं। हमें यह भी मानना होगा कि दुनिया जहां थी वहीं ठहरी है। हम कर पा रहे हैं इसका कारण है कि हम क्लाइमेट एक्शन को सरकारों की जिम्मेदारी की तरह देखते रहे हैं। जब तक सोसायटी इससे नहीं जुड़ेगी तब तक कुछ नहीं होता। जब हर व्यक्ति इसे खुद का दायित्व मानता है तभी हम यह कर पाते हैं।

## पीएम मोदी ने कहा- भारत में निवेश करने का सही समय

इंडिया-डेनमार्क बिजनेस फोरम में मोदी ने कहा- इन दिनों सोशल मीडिया पर एक शब्द बड़ा लोकप्रिय हो रहा है। ये है- FOMO यानी फियर ऑफ मिसिंग आउट। आज अगर हम भारत के व्यापार सुधारों और निवेश के मौकों को देखें, तो ये कहा जा सकता है कि जो आज भारत में निवेश नहीं करेगा, वह निश्चित तौर पर एक अच्छा मौका मिस कर देगा। पीएम मोदी की बात का जवाब देते हुए डेनिश पीएम ने कहा- मुझे अब तक लगता था कि FOMO को सिर्फ फ्राइडे नाइट या पार्टियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन अब मुझे समझ आ रहा है कि यह भारत के बारे में है।

## यूक्रेन युद्ध खत्म करने की अपील की

डेलिगेशन लेवल की बैठक में दोनों देशों के ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप में हुए विकास का रिव्यू किया। दोनों नेताओं ने स्किल डेवलपमेंट, क्लाइमेट, रिनुएबल एनर्जी, आर्कटिक, PwP संबंध जैसे मुद्दों पर बातचीत की। जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग को रोके जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेनिश पीएम के साथ बैठक में उन्होंने इस युद्ध के मसले पर भी चर्चा की और दोनों देशों का यही मानना है कि रूस और यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान करना चाहिए।

## 'दोनों देश कई मूल्यों को साझा करते हैं'

पीएम मोदी ने कहा- 'हमारे दोनों देश लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, और कानून के शासन जैसे मूल्यों को तो साझा करते ही हैं, साथ में हम दोनों की कई दूसरी ताकतें भी हैं। अक्टूबर 2020 में भारत-डेनमार्क वर्चुअल समिट के दौरान हमने अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया था। हमारी आज की चर्चा के दौरान हमने अपने ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के ज्वाइंट प्लांन पर बात की।' उन्होंने आगे कहा- '200 से अधिक डेनिश कंपनियां भारत में कई क्षेत्रों में काम कर रही हैं। जैसे- पवन ऊर्जा, शिपिंग, कंसल्टेंसी, फूड प्रोसेसिंग, इंजीनियरिंग आदि। इन्हें भारत में बढ़ते 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और हमारे व्यापक आर्थिक सुधारों का लाभ मिल रहा है।'

## 'डेनिश कंपनियों के लिए भारत में निवेश के बहुत अवसर'

पीएम मोदी बोले- 'भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर और ग्रीन इंडस्ट्रीज में डेनिश कम्पनीज और डेनिश पेंशन फंड्स के लिए निवेश के बहुत अवसर हैं। हमने एक फ्री, ओपन, इंक्लूसिव और नियमों से चलने वाले इंडो-पसिफिक क्षेत्र को सुनिश्चित करने पर जोर दिया।' मोदी ने कहा कि- 'हमने यक्रेन में तत्काल युद्धविराम और समस्या के समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की। आज हमने भारत-यूरोप के रिश्तों, इंडो-पैसिफिक और यूक्रेन सहित कई क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की। हम आशा करते हैं कि भारत-यूरोप फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत जल्द पूरी हो जाएगी।' बर्लिन से निकलने से पहले पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय से मुलाकात की। उन्होंने न सिर्फ लोगों को ऑटोग्राफ दिए, बल्कि हाथ जोड़कर उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया। जाते-जाते लोगों ने उन्हें कहा- वी लव यू सर।

# श्री कृष्ण बलराम मंदिर का 10वाँ पाटोत्सव शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के खूबसूरत शहर जयपुर में स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर का 10वीं वर्षगांठ पर मंदिर का पाटोत्सव (तीन दिवसीय) धूम धाम से शुभारम्भ हुआ7 मंदिर को भव्य रूप से फूलों एवं रोशनी से सजाया गया, पाटोत्सव के पहले दिन मंदिर के ऊपर स्थित राजस्थान के सबसे विशाल सुदर्शन चक्र की पूजा की गई एवं नई ध्वजा लहराई गई, यह भगवान के परम प्रिय सुदर्शन जी का प्राकट्य दिवस के रूप में संकीर्तन के साथ मनाया गया, मंदिर में भगवान का मनमोहक चन्दन अलंकार किया गया एवं मंगल कामना के लिए सुदर्शन यज्ञ किया गया जिसमें भक्तों ने आहुतियां दी



तत्पश्चात महाआरती की गई, यह सभी कार्यक्रम मंदिर के सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव दिखाया गया अंत में मंदिर में आये सभी भक्तों के लिए प्रसादी वितरण किया गया।

## मई पाटोत्सव का दूसरा दिन - श्री कृष्ण बलराम रथ यात्रा

जयपुर में पहली बार श्री कृष्ण बलराम की भव्य रथ यात्रा निकली जाएगी, मंदिर प्रबन्धन द्वारा एक विशाल रथ भगवन के लिए बनवाया है, जिसे भक्त रस्सी द्वारा खींच कर आगे बढाया जायेगारथ यात्रा का शुभारम्भ मई, शाम 5:30 बजे संकीर्तन के साथ जगतपुरा मार्ग स्थित गौरंगा पैराडाइज गार्डन से NRI चौराहा होते हुए श्री कृष्ण बलराम मंदिर पर समाप्त होगी। 8 मई पाटोत्सव का तीसरा दिन - श्री कृष्ण बलराम महाभिषेक पाटोत्सव का तीसरे दिन महोत्सव पर मंदिर में ठाकुर जी को बहुत ही अलौकिक रूप से सजाया जायेगा एवं भगवान का मनमोहक चन्दन अलंकार किया जाएगा एवं भगवान को विशेष पोशाक पहनाई जाएगी। इस अवसर पर ठाकुर जी को 108 भोग अर्पित किया जायेंगे। शाम को भगवान का मधुर एवं दिव्य द्रव्यों से महाभिषेक किया जाएगा एवं महाआरती की जाएगी। श्री कृष्ण बलराम मंदिर के अध्यक्ष श्री अमितासन दास जी ने बताया कि अक्षय तृतीया बेहद ही शुभ और महत्वपूर्ण दिन होता है यह वैशाख के महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है, अक्षय शब्द का अर्थ होता है 'जिसका कभी क्षय न हो या जिसका कभी नाश न हो, अक्षय तृतीया के दिन ही पांडवों को सूर्य देव द्वारा एक चमत्कारी पात्र प्राप्त हुआ जिसमें से भोजन कभी भी समाप्त नहीं होता था जिसे अक्षय पात्र कहते है अक्षय तृतीया के दिन ही राजस्थान के जयपुर शहर में श्री कृष्णा बलराम का प्राकट्य हुआ था,यह मंदिर का 10वाँ पाटोत्सव है तीन दिवसीय महोत्सव के रूप में मनायाजायेगा पहला दिन विशाल सुदर्शन चक्र की पूजा, दूसरा दिन श्री कृष्ण बलराम की रथ यात्रा, एवं तीसरे दिन श्री कृष्ण बलराम का महाभिषेक किया जायेगा।

सोनिया गांधी एवं मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा

# टीएडी मंत्री ने बैणेश्वर धाम पर कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** टीएडी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने मंगलवार को बैणेश्वर धाम पर 16 मई को सोनिया गांधी एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर, समाजसेवी दिनेश खोड़निया, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, पूर्व संसदीय सचिव नानालाल निनामा, जनप्रतिनिधिगण, सरपंच व अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। टीएडी मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत बैणेश्वर धाम पर बनाये गये हाईलेवल पुल के उद्घाटन का कार्यक्रम है जहां सभा को सम्बोधित किया जाएगा। इस अवसर पर टीएडी मंत्री ने सभास्थल, हेलीपेड व अन्य कार्यक्रम स्थलों का जायजा लिया और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम संबंधी सभी तैयारियों को गंभीरता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये।

पारिवारिक कार्यक्रम में पहुंचे योग

# योगी 5 साल बाद उत्तराखंड अपने घर पहुंचे

### मां के पैर छुए, तीनों बहन और भाई मिलने पहुंचे, संन्यास के 28 साल बाद घर में गुजरेगी रात

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पंचूर (उत्तराखंड)।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ तीन दिन के उत्तराखंड के दौरे पर हैं। वे 5 साल बाद मंगलवार को अपने गांव पंचूर पहुंचे। यहां मां सावित्री से मिलने से पहले उन्होंने भैरव मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद मां से मिले। मां ने योगी के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया। यह मां-बेटे के लिए काफी भावुक क्षण था। योगी ने मां से मुलाकात का फोटो भी ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने महज एक शब्द मां लिखा है। योगी से मिलने के लिए उनकी तीन बहनें पहले ही घर पहुंच चुकी थीं। वहीं, उनके तीनों भाई भी घर पर थे। सीएम के स्वागत के लिए गांव में उत्सव का माहौल था।

## भावुक हुए योगी

इससे पहले पंचूर से 2 किमी दूर बिथ्याणी में योगी ने महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में गुरु अवेद्यनाथ की प्रतिमा का



अनावरण किया। गुरु को याद करते हुए योगी भावुक हो गए। उन्होंने कहा, आज मुझे अपने गुरुओं का सम्मान करने का सौभाग्य मिला। मैं 35 साल बाद अपने अध्यापकों से मिल पा रहा हूं। मैं आज जो कुछ भी हूं माता-पिता और गुरु अवेद्यनाथ की वजह से हूं। इस दौरान वे बोलते-बोलते भावुक हो गए और उनकी आंखें भर आईं।

## 5 साल बाद मां से मिले योगी आदित्यनाथ

योगी ने यूपी में लाउडस्पीकर हटाए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा,यूपी में लाउडस्पीकर का शोर खत्म हुआ है। एक लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गए हैं। कहीं पर भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जा रही है। यूपी में गुंडागर्दी नहीं होती है। जो लोग संवाद से नहीं मानेंगे, वे कानून से मानेंगे। आस्था का सम्मान जरूरी, लेकिन समस्या नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश में माफिया की कमर अब टूट चुकी है। अब वो सीधे खड़े नहीं हो पा रहे हैं।

## योगी के गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा बढ़ाई गई

योगी के इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए देशभर से मीडिया पहुंचा हुआ है। हालांकि, उत्तराखंड प्रशासन ने योगी के गांव से एक किमी पहले ही मीडिया को कुछ देर तक के लिए रोक दिया। कार्यर्क म के दौरान योगी ने यह भी कहा, उत्तराखंड में भाजपा सरकार न बनती तो शायद मैं यहां आज भी नहीं आ पाता। शायद मैं अपने गांव भी नहीं आ पाता। कोरोना काल में हमने लोगों को फ्री चिकित्सा की सुविधाएं दीं। ऐसी ही व्यवस्था हमें अब उत्तराखंड में नजर आती हैं, जब से हमारी भाजपा सरकार यहां आई है।

### स्कूल के 6 शिक्षकों को शॉल देकर सम्मानित किया

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित किया। 6 शिक्षकों को शॉल देकर उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैं यहां कक्षा 1 से 9 तक पढ़ा हूं। मुझे याद है कि 1940 से 2014 तक मेरे गुरु यहां नहीं आ पाए। जबकि उनका जन्म यहीं हुआ था।

### सीएम पुष्कर धामी ने कहा - उत्तराखंड की माटी के लाल का स्वागत है

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज महंत अवैद्यनाथ की मूर्ति का अनावरण आज अक्षय तृतीया के दिन उनके शिष्य यूपी योगी आदित्यनाथ ने किया है, इसके गर्व ज्यादा गर्व की बात और क्या होगी। महंत अवैद्यनाथ ने हिंदू धर्म को सशक्त करने और समाज में पीछे छूटे लोगों को बराबरी का दर्जा देने के लिए बड़े स्तर पर काम किया। आज योगी अपने जन्मस्थान पर आए हैं। मैं उत्तराखंड की माटी के लाल का स्वागत करता हूं।

# नि :शुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को भागीरथ नंदिनी संस्था द्वारा सुजानदेसर स्थित मीराबाई धोरा परिसर में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का उद्घाटन ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास के पथ पर बढ़ा है। जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा तथा पर पीड़ा को दूर करना मुख्यमंत्री के जीवन का सबसे बड़ा ध्येय रहा है। उनके जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक सरोकार के ऐसे कार्य करवाना अनुकरणीय है। उन्होंने शिविर में आए मरीजों से बातचीत की और उन्हें मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में भी बताया। राजस्थान भूदान यज्ञ बोर्ड के अध्यक्ष श्री लक्ष्मण कड़वासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश को निशुल्क दवा और जांच जैसी योजनाएं दी। अब प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में आईपीडी और ओपीडी पर होने वाला समस्त व्यय सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। यशपाल गहलोत ने कहा कि राजस्थान को निरोगी बनाना मुखायंत्री का सपना है। ऐसे शिविर आमजन के लिए बेहद लाभदायक साबित होंगे।

भागीरथ नंदिनी संस्था के अध्यक्ष मिलन गहलोत ने बताया कि शिविर में डॉ. घनश्याम तवर ने 50 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की तथा आवश्यक दवाइयां निशुल्क उपलब्ध करवाई।


परशुराम जन्मोत्सव
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
Smaller EMIs on
30 YEAR
HOME LOANS
8.45%*
Interest Rate
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
तक लोन करवायें...
कीमत का 150%
IDFC FIRST Bank
BAJAJ
Bajaj FinServ Limited
TATA CAPITAL
We only do what's right for you
Mahindra
Finance
ICICI Bank
Home Loans
khayaal aapka
MAGMA
HeroFinCorp.
sk
FINANCE
HDFC BANK
We understand your world
शर्तें लागू*
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available